इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, इन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने)
गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 अंक -218 राजनांदगांव, मंगलवार 25 जून 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

'हम बचाएंगे संविधान'... सदन के पहले दिन विपक्ष ने दिखाए तीखे तेवर, नीट को लेकर केंद्र पर जमकर बोला हमला

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से उत्साहित विपक्ष सत्र के पहले दिन जोश में दिखा और इसने अपने तेवर दिखाए। इंडी गठबंधन के सांसद सोमवार को शक्ति प्रदर्शन के लिए संसद परिसर में एकत्र हुए। वे संविधान की प्रतियां लेकर और 'लोकतंत्र बचाओ' के नारे लगाते हुए संसद भवन पहुंचे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, द्रमुक के टीआर बालू समेत विपक्षी नेता संसद परिसर में उस स्थान पर एकत्र हुए, जहां कभी गांधी प्रतिमा हुआ करती थी।

कांग्रेस ने 'संविधान बचाओ' का दिया नारा

इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी विपक्षी नेताओं का साथ दिया। संविधान की प्रतियां अपने हाथों में लेकर विपक्षी सांसदों ने 'संविधान जिंदाबाद', 'हम संविधान बचाएंगे' और 'हम लोकतंत्र को बचाएंगे' जैसे नारे लगाए। राहुल गांधी ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को संविधान पर हमला करने की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, यह हमला हमें स्वीकार्य नहीं है और इसीलिए हम संविधान लेकर सदन में आए हैं। नई लोकसभा में कांग्रेस की ओर से नेता विपक्ष की औपचारिक घोषणा का अभी इंतजार है। मगर राहुल गांधी का विपक्षी बेंच की अग्रिम पंक्ति पर पहले दिन बैठने के अपने संकेत और संदेश हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य अपने-अपने अंदाज में आए। भाजपा के सदस्य पंक्तिबद्ध होकर एक साथ दाखिल हुए तो कांग्रेस के सभी सांसदों ने राहुल गांधी की अगुआई में हाथ में संविधान की प्रति लेकर एक साथ प्रवेश किया।

इस लूक में सदन में नजर आए सपा सांसद

समाजवादी पार्टी के सभी सदस्य सिर पर लाल टोपी और कंधे पर इसी रंग का गमछा रखकर सदन में आए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव फैजाबाद से जीते पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद को साथ लेकर आगे आए। के सुरेश, कल्याण बनर्जी के साथ पहली पंक्ति में बैठे राहुल गांधी से अखिलेश और अवधेश गर्मजोशी से मिले और फिर उनके साथ ही बैठ गए। शपथ के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच तंज-ताने के दौर भी चलते रहे।

कल्याण बनर्जी ने जब ली चुटकी

इस क्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जब शपथ के लिए आए तो कल्याण बनर्जी ने चुटकी लेते हुए कहा कि आपके बयानों की वजह से हमारी सीटें बढ़ गईं। इसके लिए आपका धन्यवाद। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ लेते वक्त विपक्षी सदस्यों ने नीट-नीट के नारे लगाए। मंत्रियों के शपथ के बाद राज्यवार सांसदों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राजनीति में बना गजब का संयोग, राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष नेता सदन और कांग्रेस अध्यक्ष बने नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली। राज्यसभा में इस सत्र के दौरान कुछ अद्भुत संयोग बना है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष हैं, तो वहीं भाजपा अध्यक्ष नेता सदन होंगे। हाल के वर्षों में यह पहली बार है जब राज्यसभा में बतौर नेता प्रतिपक्ष और नेता सदन कांग्रेस व भाजपा अध्यक्ष एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। दोनों ही पार्टियों के अध्यक्ष राज्यसभा के सदस्य हैं। हालांकि, यह व्यवस्था लंबे समय तक नहीं चलेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहले से ही राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वहीं, भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा राज्यसभा में नेता सदन बनाए गए हैं।

भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्ष होंगे आमने-सामने

दरअसल, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी माह पूरा होने जा रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही भारतीय जनता पार्टी को नया अध्यक्ष मिलेगा। ऐसे में जेपी नड्डा राज्यसभा में नेता सदन तो रहेंगे, लेकिन भाजपा अध्यक्ष नहीं होंगे। लेकिन बेहद कम दिनों के लिए ही सही, विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष जहां राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, तो सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष नेता सदन होंगे। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। मौजूदा सत्र में राज्यसभा के भीतर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का विरोध झेलना होगा। वहीं, विपक्ष के समक्ष भाजपा अध्यक्ष सरकार की उपलब्धि पेश करेंगे। जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नामित किए जाने पर कांग्रेस ने भी उन्हें बधाई दी है।

कांग्रेस ने जेपी नड्डा को दी बधाई

कांग्रेस पार्टी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यदि सदन के नेता सभी को समायोजित करेंगे, तो विपक्ष भी सहयोग करेगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन के नेता के रूप में नामित किए जाने पर बधाई है। जैसा कि वेंकैया नायडू (पूर्व उपराष्ट्रपति एवं उच्च सदन के पूर्व सभापति) ने कहा था - यदि सदन के नेता समायोजित कर सकते हैं, तो विपक्ष सहयोग कर सकता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

नीट-यूजी पेपर गड़बड़ी के पांच और मामलों की जांच करेगी सीबीआई, तीन राज्यों में दर्ज की गई एफआईआर

नई दिल्ली। सीबीआई ने मेडिकल कोर्सों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट-यूजी पेपर लीक की जांच का जिम्मा मिलने के बाद सोमवार को इस संबंध में पांच और नए मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली। नीट में कथित गड़बड़ी के इन मामलों की जांच अलग-अलग गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थीं।

शिक्षा मंत्रालय ने पेपर लीक के दावों की जांच के लिए छात्रों द्वारा देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अदालतों में याचिकाएं दायर किए जाने के बाद जांच शनिवार को सीबीआई को सौंप दी थी। मंत्रालय की शिकायत पर सीबीआई ने रविवार को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पहली एफआइआर दर्ज की थी। मामले की जांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमें गठित की हैं।

सीबीआई के पास अब कुल छह मामले

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी एफआईआर के तौर पर फिर से दर्ज किया है। इन नए मामलों को अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं से संबंधित कुल छह मामलों की जांच कर रही है। इसके अलावा, महाराष्ट्र के लातूर से भी एक और मामला सीबीआई के अपने हाथ लें लेने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि बिहार के मामले को छोड़कर अन्य चार केस स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और उम्मीदवारों द्वारा नकल और धोखाधड़ी की अलग-अलग घटनाएं प्रतीत होती हैं। इस बीच, सोमवार को सीबीआई की दो सदस्यीय जांच टीम पटना में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची और ईओयू द्वारा 39 दिनों की एवं पटना पुलिस की 11 दिनों की जांच रिपोर्ट अपने कब्जे में ली। लगभग 300 पेज की जांच रिपोर्ट में नीट-यूजी पेपर लीक मामले से जुड़े आरोपितों के साथ ही पेपर लीक के तरीके, पैसे के लेनदेन, आरोपितों के पुराने रिकॉर्ड व (शेष पृष्ठ 6 पर...)

केंद्र सरकार ने दी पेपर लीक विरोधी कानून की जानकारी, एनआरए को कड़े नियम तैयार करने का आदेश

नई दिल्ली। देशभर में नीट-यूजी परीक्षाओं में धांधली को लेकर हंगामा मचा हुआ है। उधर, विपक्ष भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हो गया है। इस बीच केंद्र सरकार ने हाल ही में अधिसूचित किए गए पेपर लीक विरोधी कानून के नियमों के बारे में जानकारी दी है।

एनआरए को दिए ये आदेश

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) को कम्प्यूटर आधारित परीक्षाओं के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा एनआरए को परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद की गतिविधियों के लिए नियम तैयार करने के निर्देश दिए हैं। एनआरए को परीक्षार्थियों की स्क्रीनिंग के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने का भी आदेश दिया गया है।

नए नियमों के तहत सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण को सरकारी संगठनों के सेवारत या सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवाएं लेने की अनुमति दी गई है। बताया गया है कि परीक्षाओं से सफल संचालन के लिए सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण द्वारा एक समिति का गठन किया जा सकता है। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जाएगी। इस समिति में सार्वजनिक परीक्षा प्राधिकरण से एक वरिष्ठ अधिकारी और एक नामित अधिकारी को शामिल किया जा सकता है।

10 साल की कैद से लेकर 1 करोड़ के जुर्माने का प्रावधान

लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की परीक्षाओं में धांधली को रोकने के लिए इस कानून को लागू किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद अब पेपर लीक करने का दोषी पाए जाने पर 10 साल तक की कैद से लेकर 1 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मोदी, राजनाथ, शाह, गडकरी, शिवराज सहित 262 सांसदों ने ली सदस्यता की शपथ

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों सहित 18वीं लोकसभा के कुल 262 सदस्यों ने संसद की सदस्यता की शपथ ग्रहण की। अस्थायी अध्यक्ष भर्तृहरि मेहताब ने श्री मोदी को सबसे पहले शपथ ग्रहण करायी। इसके बाद पीठासीन अधिकारियों के पैनल के सदस्य के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राधामोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ ग्रहण की।

पूर्वाह्न 11 बजे सदन के समवेत होने के पहले सदन के नेता प्रधानमंत्री श्री मोदी, उपनेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि, किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शहरी विकास, आवासन एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर आदि नेता सदन में मौजूद थे।

ठीक 11 बजे सदन के समवेत होने पर श्री मेहताब ने आसन ग्रहण किया और उसके तुरंत बाद राष्ट्रगान की धुन बजायी गयी। 18वीं लोकसभा के सभी सदस्यों को उनके निर्वाचन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त नवनिर्वाचित सांसदों की सूची हिन्दी एवं अंग्रेज़ी में सदन के पटल पर रखी। अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि श्री राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट से त्यागपत्र दे दिया है और उसे स्वीकार कर लिया गया है।

इसके बाद श्री मेहताब ने शपथ विधि के लिए नियम बताये। जैसे ही लोकसभा महासचिव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का नाम शपथ के लिए पुकारा, सत्ता पक्ष में हर्ष की लहर दौड़ गयी। श्री मोदी ने अध्यक्षीय आसन के दाहिनी ओर बने मंच पर आ कर शपथ ग्रहण की और फिर सदस्यता के रजिस्टर पर हस्ताक्षर किये। इसके बाद कांग्रेस के श्री कोडिकोनिल सुरेश और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के श्री टी आर बालू का नाम पुकारा गया लेकिन ये दोनों उस समय सदन में उपस्थित नहीं थे। भाजपा के राधामोहन सिंह ने दूसरे नंबर पर और तीसरे नंबर पर श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ ग्रहण की। तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय भी पीठासीन अधिकारियों के पैनल में शामिल हैं लेकिन वह भी शपथ के लिए पुकारे जाने पर सदन में उपस्थित नहीं थे।

इसके उपरांत उपनेता राजनाथ सिंह, श्री अमित शाह, श्री गडकरी, श्री चौहान, श्री खट्टर आदि मंत्रियों ने शपथ ली। नियमानुसार सबसे पहले नेता सदन के तौर पर प्रधानमंत्री, तत्पश्चात पीठासीन अधिकारियों के पैनल के सदस्यों, फिर केन्द्रीय कैबिनेट मंत्रियों, फिर स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों और फिर राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के क्रम में वर्णानुक्रम से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को दिया चार सूत्री एजेंडा पर फोकस करने का मंत्र

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को सुरक्षा और जन सुविधा बनाये रखने के उद्देश्य से चार सूत्री एजेंडा पर फोकस करने का मंत्र दिया, जिनमें सभी उपकरणों के सही ढंग से कार्यान्वयन से लेकर अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन और पानी की सुविधा शामिल हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रेल मंत्री ने सोमवार को रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अन्य सभी सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारियों, महाप्रबंधकों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के विभिन्न पहलुओं की व्यापकता से समीक्षा की।

सूत्रों ने बताया कि इस कवायद का मकसद यह था कि ट्रेनों में वातानुकूलन प्रणाली सहित किसी भी उपकरण में कोई खराबी, भोजन की घटिया सामग्री और पानी की कमी के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और गाड़ी की समयबद्धता प्रभावित नहीं हो। सूत्रों के अनुसार बैठक में चार बिन्दुओं पर ठोस सुधार लाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों के उपकरणों की विश्वसनीयता और ठीक से काम करने के संबंध में विचार विमर्श में माना गया कि सुरक्षा संबंधी उपकरणों में सुधार करने के लिए, उनकी विशिष्टताओं, इन्स्टालेशन के तरीकों और रखरखाव प्रथाओं की समीक्षा करने की जरूरत है। सभी विनिर्माताओं के साथ आरडीएसओ द्वारा संयुक्त कार्यशालाएं आयोजित करके यह काम किया जाए।

भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और उसकी एजेंसियों द्वारा 100 स्थानों पर बेस किचन स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इसे अगले चार महीनों में युद्ध स्तर पर पूरा किया जाना चाहिए।

ट्रेनों में पैंट्री कारों और भंडारण वाली जगहों की गहरी सफाई मिशन मोड में की जाएगी और इसे रखरखाव कार्यक्रम में भी प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा ताकि इसे नियमित आधार पर किया जाये। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

बीजेपी को अब और समर्थन नहीं, नवीन पटनायक ने बीजेडी सांसदों से मजबूत विपक्ष की तरह काम करने को कहा

नई दिल्ली। बीजेडी के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को अपनी पार्टी के 9 राज्यसभा सांसदों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के आगामी सत्र के दौरान एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरने को कहा। मीटिंग में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने के लिए भी कहा है.

राज्यसभा में बीजेडी नेता सस्मित पात्रा ने कहा, 'इस बार बीजेडी सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अगर केंद्र की बीजेपी सरकार ओडिशा के हितों की अनदेखी करती है, तो वे आंदोलन करने के लिए भी संकल्पित हैं। बीजेडी के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को अपनी पार्टी के 9 राज्यसभा सांसदों के साथ बैठक की और उनसे 27 जून से शुरू होने वाले संसद के ऊपरी सदन के आगामी सत्र के दौरान एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरने को कहा। मीटिंग में पटनायक ने सांसदों से राज्य के हितों से संबंधित मुद्दों को उचित तरीके से उठाने के लिए भी कहा है।

एजेंसी के मुताबिक बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा, इस बार बीजेडी सांसद केवल मुद्दों पर बोलने तक ही सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अगर केंद्र की बीजेपी सरकार ओडिशा के हितों की अनदेखी करती है, तो वे आंदोलन करने के लिए भी संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा को विशेष दर्जा देने की मांग उठाने के अलावा बीजेडी सांसद राज्य में खराब मोबाइल कनेक्टिविटी और बैंक शाखाओं की कम संख्या का मुद्दा भी उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा, कोयला रॉयल्टी में संशोधन की ओडिशा की मांग को केंद्र सरकार ने पिछले 10 सालों से नजरअंदाज किया है।

इससे सूबे के लोगों को भारी नुकसान हो रहा है और वे अपने उचित हिस्से से वंचित हैं. नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि राज्यसभा में 9 सांसद मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे, नवीन पटनायक ने संसद में राज्य के लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीजेडी, बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार को मुद्दा आधारित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द
• सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine)
एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोरकर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोकोपी द्वारा घुटने के लिगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, विखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

भारत में हो सकता है अमेरिका की जैवलिन मिसाइलों उत्पादन, दोनों देशों के बीच इन मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। भारतीय सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत में अमेरिका की जैवलिन मिसाइलों को तैयार किया जा सकता है। अमेरिका और भारत के बीच इस मुद्दे पर चर्चा की गई। रक्षा सूत्रों ने बताया कि मिसाइलों के संयुक्त उत्पादन पर हाल ही में चर्चा की गई।

जैवलिन मिसाइलों से क्या फायदा मिलेगा?

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य उपकरणों के संयुक्त उत्पादन साथ साथ सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। सूत्रों ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक वाली जैवलिन मिसाइलें इस समय भारतीय सेना की सबसे बड़ी जरूरत है। सूत्रों के अनुसार भारतीय सेनाएं कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल तकनीक पर विचार कर रहीं हैं। इससे कई फायदे होंगे। पहला यह कि इनका वजन कम होता है और कठिन इलाकों में सैनिकों द्वारा ले जाया जा सकता है। बताया गया है कि अमेरिका ने पहले भी भारत को जैवलिन मिसाइलों की ताकत दिखाई थी। हालांकि उस समय इस परियोजना पर बात नहीं बन पाई। जैवलिन मिसाइल का उत्पादन अमेरिकी रक्षा कंपनियों रेथियॉन और लॉकहीड मार्टिन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। अमेरिका द्वारा कई भागीदार देशों के साथ इन मिसाइलों का सौदा किया गया है।

भारतीय सेना ने इस्राइल से हासिल की थी एटीजीएम

भारतीय सेना ने हाल ही में इस्राइल की स्पाइक एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) को हासिल किया। भारतीय सेना को लंबे समय से तीसरी पीढ़ी के एटीजीएम की आवश्यकता थी। सूत्रों ने बताया कि वैश्विक मार्ग के जरिए से हथियार प्रणालियों को हासिल करने के प्रयास सफल नहीं रहे हैं। इसलिए, स्वदेशी तरीके से एटीजीएम को प्राप्त करने का काम जारी है।

भारत में होगा एमपी-एटीजीएम का परीक्षण

रक्षा अधिकारियों ने बताया है कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन भी सेना की आवश्यकताओं को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ
जल स्रोत खोज विशेषज्ञ (पिछले 5 वर्षों से)
100% वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच
प्रो. सौरभ साहू (दद्दू) - 7987256455, 9407608684

राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में मेजबान राजनांदगांव व बालिका वर्ग में सांई राजनांदगांव बनी चैम्पियन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ हॉकी द्वारा संचालित एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित 5वी छत्तीसगढ सब जूनियर राज्यस्तरीय बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आज रंगारंग समापन समारोह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में मधुसूदन यादव पूर्व सांसद व पूर्व महापौर के मुख्य आतिथ्य, किशुन यदु नेता प्रतिपक्ष के अध्यक्षता, श्रीमती रेखा पदम अंतर्राष्ट्रीय व्हालीबॉल खिलाड़ी के विशिष्ट आतिथ्य में एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, नीलम जैन, सुश्री ऑशा थॉमस, शिवनारायाण धकेता सचिव जिला हॉकी संघ, रामअवतार जोशी, गणेश प्रसाद शर्मा, भगवत यादव, चंदन भारद्धाज, रणविजय प्रताप सिंह, महेन्द्र ठाकुर, मृणाल चौबे (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी) प्रिंस भाटिया, अनुराज श्रीवास्तव, शिवा चौबे, अजय झा योगेश द्विवेदी, राजू वर्मा, घनश्याम प्रसाद छोटे लाल, की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी अनिशा साहू व भुमिक्षा साहू का शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

आयोजन में मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने अपने उद्धबोधन में कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों को देखकर अच्छा लगा इसी का फल है कि यह हॉकी नर्सरी लगातार आगे बढ रही है हमारे शहर की दो बालिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर शहर का नाम रौशन किया आज फायनल मैच में दोनों टीमों ने बहुत अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यहां व प्रदेश के खिलाड़ियों को शासन द्वारा बेहतर सुविधा देने का प्रयास लगातार चल रहा है उन्होने राजनांदगांव के खेल स्टेडियम की स्वरूप को बहुत जल्दी ही सुविधा युक्त व खिलाड़ियों के अनुरूप बनवाने की पहल किए जाने की जानकारी दी व खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की खेल सामग्रीयों के कमी नही होने की बात कही इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस तरह के आयोजन से सुदुर क्षेत्रों में भी हॉकी को बढ़ावा मिले है जिससे प्रतिभाओं को आगे लाने का मौका हमे मिला। इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगें। आज 25 जून से बालक व बालिका वर्ग की राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हो रही है वंही 21 जुलाई से 28 जुलाई तक इस हॉकी नर्सरी में वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका की हॉकी प्रतियोगिता भी आयोजित कि जायेगीं। इसके पूर्व अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया।

आज खेले गए मैचों में मेजबान राजनांदगांव रहा चैम्पियन

सब जूनियर बालक बालिका राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग का फायनल मैच हॉकी दुर्ग विरूद्ध सांई राजनांदगांव के मध्य खेला गया। सांई राजनांदगांव सांई राजनांदगांव ने इस एकतरफे मुकाबले मे हॉकी दुर्ग को 8-0 गोलों से पराजित कर फायनल को खिताब अपने नाम किया सांई राजनांदगांव शुरूआत से ही आक्रमाक पारी खेलते हुए मैच के 3रे 4चैथे 5वें और 8वें मिनट में नैना सोनकर ने 2 गोल प्रियांशी मौर्या और दुबी रावत 1-1 गोल करते हुए 4-0 गोल की बढत बना ली। हॉकी दुर्ग के खिलाड़ी लगातार गोल करने के प्रयास में रही, किन्तु सांई राजनांदगांव ने उन्हें हर समय नाकाम करते रहे। सांई राजनांदगांव के खिलाड़ियों शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के 17वें मिनट 18वें मिनट संजना निषाद ने लगातार 2 गोल किया वहीं 29वें मिनट और 38वें मिनट में भावना यादव और दुबी रावत ने 1-1 गोल किया वहीं बालक वर्ग में खेले गए फायनल मैच मेजबान राजनांदगांव विरूद्ध स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर के मध्य खेला गया मेजबान हॉकी राजनांदगांव ने एकतरफे मुकाबले में 8-0 गोल से जीत दर्ज कर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता खिताब अपने नाम किया मेजबान टीम राजनांदगांव ने शुरूवाती दौर से आक्रमक पारी खेलते हुए मैच के 3रे मिनट में आदर्श ने गोल किया, वहीं राजनांदगांव की ओर से आदर्श सिंह ने 4 गोल अजय यादव ने 1 गोल ओम यादव ने 1 गोल गुलशन यादव ने 1 अभिषेक यादव ने 1 गोल किया। इस प्रकार हॉकी राजनांदगांव ने स्पोटर्स हॉकी अकादमी को 8-0 गोल से पराजित कर 5वीं सब जूनियर बालक वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

फायनल मैच के पूर्व प्रातः में दोनो वर्ग के तीसरे व चौथे स्थान के लिए मैच खेले गए जिसमें बालिका वर्ग में मेजबान राजनांदगांव व बालक वर्ग में हॉकी दुर्ग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया पहले खेले गए बालिका वर्ग में हॉकी राजनांदगांव ने हॉकी बेमेतरा को 4-0 गोल से पराजित करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया इस एकतरफे मुकाबले में हॉकी राजनांदगांव की ओर से गीतू ने 1 गोल, राशि ने 1 गोल सिमरन ने 1 गोल व चांदनी ने 1 गोल किया था। वहीं बालक वर्ग में खेले गए मैच में हॉकी दुर्ग ने हॉकी बिलासपुर को 4-1 गोल से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया हॉकी दुर्ग की ओर से मैच के 2रे ही मिनट हॉकी दुर्ग की ओर से तुषार ने गोल किया वंही बिलासपुर की ओर से मैच के 3रे मिनट में चंदू ने गोल कर 1-1 गोल की बराबरी पर रही वंही हॉकी दुर्ग की की ओर से चंदन, तुषार,व रेहान ने 1-1 गोल किया।

उपस्थित अतिथियों द्वारा 5वी राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के तहत बालक वर्ग में विजेता हॉकी राजनांदगांव उपविजेता स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, तृतीय हॉकी दुर्ग व बालिका वर्ग में विजेता सांई राजनांदगांव, उपविजेता हॉकी दुर्ग और तृतीय स्थान पर हॉकी राजनांदगांव के खिलाड़ियों को पुरूस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में आयोजन समिति के अमित माथुर, तीरथ गोवस्वामी, शकिल अहमद, सचिन खोब्रागढे, अभिनव मिश्रा, खेमराज सिन्हा, आशिष सिन्हा, खुशाल यादव, तकनिकी अधिकारी व निर्णायकगण का विशेष सहायोग प्राप्त हुआ। समापन समारोह का संचालन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने किया वहीं आयोजन समिति के सचिव विरेन्द्र सिंह भाटिया ने आभार व्यक्त किया।

पहला कॉलम...

राज्य महिला आयोग को प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई 5 जुलाई को

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में राजनांदगांव जिले से प्राप्त महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई 5 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में की जाएगी। प्रकरणों की सुनवाई आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक एवं अन्य सदस्यों द्वारा की जाएगी। पक्षकारों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर सुनवाई हेतु उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए 8 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) द्वारा नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रेवाडीह वार्ड क्रमांक 21 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4, तुलसीपुर वार्ड क्रमांक 18 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 तथा मोतीपुर वार्ड क्रमांक 3 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका 8 जुलाई तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस्को स्टील प्लांट में सेल के पहले फ्लोटिंग सोलर प्लांट का उद्घाटन

भिलाई। सेल के पहले फ्लोटिंग सोलर प्लांट का उद्घाटन 22 जून को, इस्को स्टील प्लांट (आईएसपी) बर्नपुर में निदेशक प्रभारी (बर्नपुर और दुर्गापुर स्टील प्लांट) श्री बी पी सिंह द्वारा किया गया। 4 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाला यह फ्लोटिंग सोलर फोटोवोल्टिक सिस्टम इस्को स्टील प्लांट-आईएसपी के ग्रीन एनर्जी उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रोहित गिरी गोस्वामी का निधन

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम सुखरी निवासी रोहित गिरी गोस्वामी शिक्षक का निधन गत 14 जून को हो गया. वे शिक्षक नारायण गिरी गोस्वामी के बड़े भाई थे. उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया.

कमलादेवी त्रिपाठी का निधन

डोंगरगांव (दावा)। नगर की कमला देवी त्रिपाठी पति-बिसौहा प्रसाद त्रिपाठी निवासी वार्ड 10 डोंगरगांव का निधन शनिवार संध्या 7 बजे हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार रविवार को किया गया. वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं.

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार पांचवां सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइहा भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
21st June to 27th June 2024
silver SCREEN

Ishq Vishk Rebound - 12:15, 06:15 & 09:15 pm
Chandu Champion - 03:15, 06:30 & 09:30 pm
Mor Chhainha Bhuinya 2 - 12:00, 03:00 & 06:00 pm
Munjya - 12:30, 03:30 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

प्रदेश एवं जिले के प्रथम संगीत महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत छूट

पंजीयन तिथि 30 जून तक, इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संबद्ध

राजनांदगांव (दावा)। मध्य भारत में शिक्षा, कला, संस्कृति एवं संस्कार के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट पहचान एवं स्थान बनाने वाली संस्कारधानी राजनांदगांव की चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र (संगीत महाविद्यालय) विगत चालीस वर्षो से निरंतर अपनी सेवायें देते हुए संस्कारधानी राजनांदगाँव की पहचान सांस्कृतिक राजधानी के रूप में मानचित्रों में राष्ट्रीय स्तर में पहचान बनाने में सफल हुआ है।

विश्वविख्यात कत्थक नृत्य गुरू पद्मविभूषण स्व. पं. बिरजू महराज जी चार बार अखिल भारतीय कत्थक नृत्य कार्यशाला में देश भर से आये हुए कत्थक नृत्य गुरूओं, नृत्य कलाकारों एवं नवोदित बाल कलाकारों को प्रशिक्षित कर छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगाँव का नाम इतिहास में प्रथम पंक्ति में स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण कार्य है ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कला शिविर विगत तीस वर्षो से निरंतर जारी है। साथ ही राष्ट्रीय सप्तरंग संगीत समारोह एवं राष्ट्रीय निःशुल्क कत्थक नृत्य कार्यशाला एवं राष्ट्रीय कल्याण संगीत समारोह वर्ष 2011 से निरंतर जारी है।

ज्ञात हो कि चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के संस्थापक एवं पदमविभूषण पं. बिरजू महाराज और प्रो. कल्याणदास महन्त के शिष्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा के कुशल नेतृत्व में संस्कारधानी की सुधी जनता साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, मातृत्व शक्तियों, समाज सेवियों, मीडिया एवं पत्रकारों ओर बच्चों के पालकों के सहयोग से ही राजनांदगांव संस्कारधानी राष्ट्रीय स्तर में अपनी पहचान बनाने में सफल हुआ है। न्यूज चैनल आईबीसी छत्तीसगढ़, म.प्र. द्वारा बिहान सम्मान वर्ष 2012 में दैनिक भास्कर दैनिक समाचार पत्र द्वारा वर्ष 2014 कर दैनिक भास्कर प्राईड अवार्ड से फिल्म अभिनेता अनुपम खेर एवं मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव को सम्मानित किया जा चुका है।

यह बात अति आवश्यक है कि संगीत नृत्य के अनूठे आश्रयदाता रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह एवं उनके दरबारी नृत्याचार्य प्रो. कल्याण दास महन्त के नाम से छत्तीसगढ़ एवं राजनांदगांव का प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय के रूप में स्थापित होने का गौरव राजनांदगांव को प्राप्त है।

इन सभी पहलुओं के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस वर्ष से स्नातक प्रोफेसनल डिग्री कोर्स बी.पी.ए. (बेचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट) का प्रथम वर्ष का प्रथम बैच में प्रवेश प्रक्रिया एवं पंजीयन 1 जून से 30 जून तक पंजीयन कराने वाले कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रवेश शुल्क में 100 प्रतिशत छूट देने का निर्णय संस्था द्वारा लिया गया है। विशेष जानकारी हेतु 7247721199 व 9424128115 में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

मानसून के आगमन पर समाज सेवक संघ ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। मानसून के आगमन पर समाज सेवक संघ ने रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के पास साँई कृपा अस्पताल के पास शिव मंदिर के पीछे वृक्षारोपण किया।

संघ के संस्थापक संयोजक संजीव सिंघल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. कु स्वाति देवांगन ने वृक्षारोपण किया, इस अवसर पर श्री सिंघल ने कहा कि समस्त जीवन ऑक्सीजन पर निर्भर है, ऑक्सीजन वृक्षों से ही प्राप्त होती है। वृक्ष वातावरण की कार्बन डाई आक्साईड लेकर ऑक्सीजन का वरदान देते हैं।

वनस्पति से ही भोजन औषधि एवं जीवन उपयोगी अन्यान्य वस्तुऐं प्राप्त होती हैं। कु. स्वाति ने कहा कि प्रकृति के कार्य चक्र को सुचारू चलाने हेतु उन्हें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती यमला साहू एवं प्रियांशु सिंघल भी उपस्थित थे।

रामजी भारती की माता श्रीमती दया भारती के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं शोक व्यक्त किया

डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्र के पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती की माता श्रीमती दया भारती पति स्व. एस. डी. भारती (उम्र लगभग 100 वर्ष) का निधन उनके गृह ग्राम तेंदूभाठा (मोहारा) में आज दिनांक 24 जून दिन सोमवार को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा गृह ग्राम तेंदूभांटा से निकाली गई।

इस दौरान जिले भर के राजनेताओं के साथ-साथ सामाजिक संगठन व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्राम में स्थित मुक्तिधाम में उनकी अंतिम संस्कार के बाद शोक सभा रखी गई। जिसमें गणमान्य नागरिकों ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। स्वर्गीय श्रीमती दया भारती के निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दूरभाष पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की तो वही अजास्क के पूर्व अध्यक्ष एस के सोनवानी, रिटायर्ड जज अग्रलाल जोशी, क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कविनाथ टंडन, पूर्व वन सरक्षक के के खैरवार, रिटायर्ड एडिशनल एसपी बंसीलाल कुर्रे, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष सूर्यकुमार खिलाड़ी, आयुर्वेदिक कॉलेज प्राचार्य हीरामन बंजारे, पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुनील रामटेके, खैरागढ़ छुईखदान भाजपा जिला अध्यक्ष घमन साहू, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश भीवनानी, जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव, खैरागढ़ पूर्व जनपद अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, संघ के वरिष्ठ रमेश कुमार मानकर, अनिल श्रीवास्तव, डोंगरगढ़ नगरपालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा, जिला सतनामी समाज के जितेंद्र रात्रे, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सिख समाज से सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, हरविंदर सिंह मंगे, प्रकाश चौढड़िया, महेंद्र भाई पटेल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, अनिल गट्टानी, कांग्रेस पूर्व जिला महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटु, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश ठाकुर, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, कचरू हिरवानी, समाजसेवी राजू अरोड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, घुमका अध्यक्ष जागेश्वर साहू, पांडादाह अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, शहर महामंत्री राकेश अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता सविता दरगढ़, उपकार साहू, पत्रकार किशोर शिलेदार, गोपाल खेमूका, महेश सहारे, लोकेश इंदुरकर, श्याम तिवारी, सुमित यादव, अनीता इंदुरकर, लक्ष्मी यादव, जयंत साहू ने उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-7-9
789-4 168-5
राजधानी
1-4-8
688-2 249-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

शिक्षक नगर में बना आम्बेडकर मंगल भवन

सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में महापौर ने किया लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 12 के शिक्षक नगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 25.00 लाख रूपये की लागत से रमा आई डॉ. आम्बेडकर परिसर में आम्बेडकर मंगल भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, जिला योजना समिति के सदस्य व वार्ड पार्षद श्री सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, प्रभुद्ध सर्वोदय मण्डल के अध्यक्ष श्री छोटेलाल रामटेके, महिला अध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या मेश्राम विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि, वार्ड पार्षद एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण की बहुत पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हुयी। उन्होंने कहा कि रमाआई डॉ आम्बेडकर परिसर शिक्षक नगर का एकमात्र बड़ा परिसर है, जहाँ विभिन्न आयोजन होते है अब भवन निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया।

उन्होंने कहा कि आम्बेडकर समाज बड़ा समाज है, जो एकजूट होकर कार्य करते है, इसी प्रकार एकजूट होकर समाज के हर व्यक्ति के हित में कार्य करे। जिससे समाज का विकास होगा। उन्होंने भवन में अन्य सुविध के लिये प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने का आश्वासन दिया।

पार्षद श्री डोंगरे ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर महापौर श्रीमती देशमुख की अनुशंसा पर शासन द्वारा 25 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिससे आम्बेडकर मंगल भवन का निर्माण किया गया, उन्होंने कहा कि 4 कमरे, हॉल का सर्व सुविधायुक्त भवन बना है, जिसका उपयोग समाज एवं वार्डवासियों द्वारा विभिन्न आयोजनों के लिये किया जायेगा। आम्बेडकर परिसर के अन्य मांगों को पूरा करने मैं महापौर से निवेदन करता हूँ।

कार्यक्रम के पूर्व में समाज के चंद्रिका वैद्धे, धनराज वैध, राजकुमार रामटेके, मनोज रामटेके, महेन्द्र बंसोड़, बलिराम रंगारी, प्रभा सुखदेवे, रोशन सुखदेवे, खेलन वाल्दे, कुणाल बोरकर, संदीप कोल्हाटकर ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने डॉ. आम्बेडकर एवं भगवान बुद्ध की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व मामला क्रमांक 202406093700015 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश सोनी आ. स्व. कृपाराम सोनी, निवासी सोनारपारा, वार्ड नं. 25, राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला सोनारपारा दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 36 डी, भूखण्ड क्रमांक-3, क्षेत्रफल 101.00 वर्गमीटर धारक जो शकुन्तला बाई ध.प. कृपाराम सोनी, निवासी-राजनांदगाँव एवं भूखण्ड क्रं.91/2 क्षेत्रफल 68.00 वर्गमीटर जो धारकगण प्रकाश कुमार, सूर्यकांत आ. स्व. कृपाराम, उषा, दुर्गा पिता स्व. कृपाराम, शकुन्तला ध.प. स्व. कृपाराम सोनी, निवासी सोनारपारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि पर वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 10.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं.202406092100053
अ/6 वर्ष 2023-2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश अग्रवाल पिता स्व. पूरन लाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी भगत सिंह वार्ड नंबर 19 डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि अनावेदकगण एवं आवेदक के शामिलात अधिकार व स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित सीट क्रमांक 2 भूखण्ड क्रमांक 750/1 क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट भूमि मय मकान स्थित है उक्त भूमि मय मकान को अनावेदकगण द्वारा आवेदक के पक्ष में हक परित्याग कर दिया है, तथा आवेदक द्वारा हक प्राप्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 19/07/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

दावा-आपत्ति

1. बच्चे का नाम :- अमित
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 18.06.2024
3. संस्था :- स्नेह विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
4. रंग :- सांवला
5. उम्र :- 1 वर्ष 6 माह

उक्त अभ्यर्पित बालक को दिनांक 18/06/2024 को बाल कल्याण समिति कबीरधाम के आदेश क्रमांक /160/मबावि/बा.क.स./2024 कबीरधाम दिनांक 18/06/2024 से अस्थाई संरक्षण हेतु स्नेह विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण, कवर्धा में रखा गया है।

सर्व संबंधित जो कि बालक के वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा/आपत्ति दर्ज करना चाहते हैं, प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-कबीरधाम, अथवा स्नेह विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण, कवर्धा में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा तथा बच्चे को दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जायेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया है।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
दूरभाष क्रं.-07566553311

जी-242500531/1

बलौदाबाजार आगजनी घटना में 12 करोड़ का नुकसान

कलेक्टर-एसपी ने की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा- पीड़ितों को बीमा कंपनी द्वारा राशि मिलना शुरू

बलौदाबाजार (दावा)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में 10, जून को हुए आगजनी की घटना में कितना नुकसान हुआ इस सवाल का अब जवाब मिल गया है। सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संयुक्त रुप से प्रेस को सम्बोधित किया। उन्होंने गत दिवस जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित कलेक्ट्रेट में हुई आगजनी की घटना के पश्चात की जा रही कार्यवाही एवं भविष्य की रणनीति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। कलेक्टर सोनी ने बताया कि आगजनी की घटना से अब तक आकलन में करीब 12 करोड़ रुपए क्षति का अनुमान है जिसमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन, जिला पंचायत कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील एवं पंजीयन कार्यालय भवन, वाहन, उपकरण, फर्नीचर शामिल हैं। नगर में हुई अन्य क्षति का अकलन किया जा रहा है। घटना में वाहनों को हुई क्षति लिए बीमा कंपनियों से

घटना के सभी पहलुओं को समझने पुलिस बारीकी से कर रही जांच कलेक्टर-एसपी ने भविष्य की रणनीति को लेकर मीडिया से की चर्चा

राशि दिलवाया जा रहा है जिसमें अब तक 7-8 वाहन स्वामियों को बीमा राशि मिल चुकी हैं और करीब 23 प्रकरण प्रक्रियाधीन है।

कलेक्टर ने बताया कि घटना में लगभग 240 निजी व शासकीय वाहन क्षतिग्रस्त हुए है जिनमे पूरी तरह जले 31 निजी व शासकीय चार पहिया वाहन, 60 दो पहिया वाहन, 27 क्षतिग्रस्त चार पहिया वाहन एवं लगभग 122 क्षतिग्रस्त दो पहिया वाहन शामिल हैं। जिन निजी वहनो के बीमा नही हैं उनका मूल्यांकन कराया जा रहा है। घटना से पीड़ितों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने पीड़ित राहत समिति बनाई गई है। दस्तावेज क्षति के लिए भी टीम बनाई गई है। पुलिस, आबकारी, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग में दस्तावेज पुर्निर्माण के काम भी शुरू हो गए हैं। कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगातर बैठक की जा रही है। अब तक चेम्बर ऑफ कामर्स, सिविल सोसाइटी, अशासकीय संगठन, कृषक संगठनो, पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक कर शांति बहाली के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है तथा उपयुक्त क्षमता के सीसी टीवी कैमरा लगवाने कहा गया है। सामाजिक संगठनों से बातचीत कर जिले में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाने सहयोग व सुझाव लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम भी बनाई गई है जो 24 घंटे निगरानी कर रही है। नकारात्मक एवं भड़काऊ पोस्ट पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही एसडीएम एवं एसडीओपी के द्वारा शांति समिति की बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं।

किराये पर दिए गए मकान व दुकान की सूची नजदीकी थाने को देने तथा ठेका श्रमिकों की सूची सम्बंधित विभाग को देने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि जल्द ही मैदानी अमलो सचिव, पटवारी, आरआई तथा सरपंचों की भी बैठक लेकर चर्चा की जाएगी। उन्होंने जिले की बेहतर छवि के लिए मीडिया को सहयोग की अपील की। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना की सभी पहलुओं को समझने के लिए हर तरह से पूछताछ की जा रही है। अब तक 138 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पोस्ट के सोर्स तक पहुंचा जा रहा हैं तथा एकाउन्ट ब्लॉक भी की जा रही है।

हेल्थ सिस्टम को हिलाने के बाद सामु. स्वास्थ्य अधिकारियों ने आंदोलन लिया वापस

प्रांतीय स्तर पर शासन से तीन सूत्रीय मांगों के संदर्भ में जल्द निराकरण को मिला आश्वासन

राजनांदगांव (दावा)। जिला कार्यालय के समीप पिछले तीन-चार दिनों से अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलन कर रहे सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियां ने सोमवार को अपना आन्दोलन वापिस ले लिया है। बताया जाता है कि उनकी तीन सूत्रीय मांग के सन्दर्भ में प्रांतीय स्तर पर संघ के लोगों की शासन से चर्चा होने व आश्वासन मिलने के बाद घटना-प्रदर्शन रोक दिया गया है।

बता दे कि छ.ग. प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) द्वारा हड़ताल किए जाने से हेल्थ सिस्टम पूरी तरह हिल गया था। खास कर ग्रामीण अंचल में हेल्थ सिस्टम पूरी तरह गड़बड़ा गया था। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सामु. स्वास्थ्य अधिकारियों के नहीं रहने से ताला लगने की नौबत आ गई थी जिससे मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

पटरी से उतरा स्वास्थ्य व्यवस्था

उक्त आन्दोलन प्रदेश व्यापी होने के कारण पूरे प्रदेश भर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इसका देखा जा रहा था। पूरे प्रदेश भर के लगभग साढ़े तीन हजार सामु. स्वास्थ्य अधिकारियों के अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आन्दोलन व काम बंद हड़ताल में उतर जाने से इसका व्यापक रूप से असर देखने में आ रहा था। संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा द्वारा बताया गया कि 18 जून से 20 जून तक समस्त आनलाईन रिपोटिंग का बहिष्कार किया गया था। वही मांगे नहीं मानने पर 21 जून से समस्त कार्य बंद कर दिए गए थे। इससे खासकर ग्रामीण अंचल की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई थी।

शासन से हुई चर्चा

बताया जाता है कि संगठन के प्रांतीय संयोजक प्रफूल्ल कुमार ने शासन से स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की जायज मांगों के सन्दर्भ में चर्चा की जिसमें श्री मिश्रा सहित संगठन के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा, रविन्द्र तिवारी एवं राज्य कार्यकरिणी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रकोष्ठ उपस्थित थे।

बैठक में शासन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक संयुक्त संचालक प्रभारी एच.आर. वित्त, उपसंचालक आदि की उपस्थिति में संगठन के लोगों के साथ कार्य आधारित मानदेय स्थानांतरण की पालिसी मुख्यालय निवासी व कांकेर के जिला संयोजक पवन वर्मा की बहाली के सम्बंध में चर्चा हुई। इसके साथ अन्य मांगों पर समय सीमा में निराकरण करने के आश्वासन मिलने के साथ आन्दोलन को स्थगित किया गया।

दुर्ग में मवेशी का कटा सर मिलने से हंगामा, पुलिस जांच में जुटी

दुर्ग (दावा)। शहर के गिरधारी नगर में एक मवेशी का कटा सर मिलने से तनाव की स्थिति बन गई है, समाज विशेष और कुछ संगठन के लोगों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर किसी तरह भीड़ को शांत कराया, सिटी कोतवाली पुलिस घटना की जांच कर रही है शहर के गिरधारी नगर पानी टंकी के पास एक मवेशी का कटा सर मिलने से हड़कंप मच गया। जिसके बाद समाज विशेष और कुछ संगठन के लोग मौके पर इकट्ठे हो गए, जिससे तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा देकर प्रदर्शनकारियों को शांत कराया है। पुलिस पूरी घटना की जांच में जुटी हुई है, यह घटना दुर्ग शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। दुर्ग के गिरधारी नगर में मवेशी के बच्चे का सर मिला, इसकी खबर लगते ही समाज विशेष के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में मौके पर पहुंचे और पटेल चौक पर जमकर प्रदर्शन किया, दुर्ग के पटेल चौक में प्रदर्शनकारियों ने रोड में ही मवेशी का सर रख कर प्रदर्शन करने लगे। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने जानबूझकर मवेशी के बच्चे का सर काटकर फेंका है। प्रदर्शनकारियों ने समाज विशेष की भावनाओं को जानबूझ कर आहत करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कटे हुए सर को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा देकर उन्हें शांत कराया।

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपियों का सुराग ढूंढने की कोशिश कर रही। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है। शनिवार को ही एक गाय पर धारदार हथियार से हमले करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के संबंध में कुछ संगठन के लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। वहीं आज मवेशी का कटा सर मिलने से दुर्ग शहर में तनाव की स्थिति बन गई है. सड़क में बैठे साथ ही पुलिस से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

आपातकाल पर लोकतंत्र की हुई हत्या को लेकर आज भाजपा की गोष्ठी

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा की ओर से आज 25 जून को आपातकाल की 49 वीं बरसी पर `लोकतंत्र की हत्या' विषय पर दोपहर 02 बजे एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इस विचार गोष्ठी में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि कल ही के दिन 1975 में तत्कालिन प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी ने उनके खिलाफ हाईकोर्ट द्वारा दिये गये फैसले पर देशभर में आपातकाल लागू कर दिया गया था, देशभर के तमाम छोटे व बड़े नेता जेल के सीखचों में बंद कर दिये गये थे। हजारों-हजार लोगों को गिरफ्तार कर 19 महीने बंद रखा गया। देशभर में सेंसरशीप लागू कर दी गई थी, समाचारों पर भी बेन था, पूरी तरह से लोकतंत्र को समाप्त कर दिया गया था।

इस दौरान पार्टी के अनेक नेताओं की असमय मृत्यु हुई थी। लोकतंत्र पर हुये इस कुठाराघात को याद करने व काला दिन बताने भाजपा कार्यालय में कल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ आम कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। गोष्ठी के पश्चात् मीसाबंदियों व उनके परिजनों का पार्टी द्वारा सम्मान किया जायेगा।

मोटर साइकिलों में आग लगाने वाला भेजा गया जेल

मामला संजय नगर लखोली का, सीसीटीवी फुटेज से मिला पुलिस को क्लू

राजनांदगांव (दावा)। शहर के लखोली संजय नगर में दो मोटर साइकिलों को आग के हवाले करने आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल करके उसके फुटेज के आधार पर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है और उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि 22 जून को प्रार्थी शंभूलाल साहू पिता ढेलूराम साहू उम्र 49 साल निवासी संजय नगर लखोली ने थाने आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 जून को इसका भांजा पवन साहू एवं जागेश्वर साहू द्वारा अपनी मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 08 व्ही 2637 एवं मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 07 ए एम 8662 कीमत करीबन 40 हजार रूपये को खडी कर अपने काम से चले गये थे। इस दौरान किसी अज्ञात तत्व द्वारा 21 जून व 22 जून के रात्रि लगभग 11 बजे दोनो वाहनों में आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप.क्र. 368/24 धारा 435 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं उनके नेतृत्व में थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु घटना स्थल रवाना किया गया।

सीसीटीवी से मिले क्लू थाना प्रभारी में साहू ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही के फुटेज को खंगाले जाने पर मिले क्लू के आधार पर एवं मुखबीर की सूचना पर अज्ञात आरोपी को ज्ञात कर आरोपी गोपाल सिन्हा पिता किसुन सिन्हा उम्र 34 साल निवासी संजय नगर लखोली को तलब कर पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का कृत्य से प्रार्थी एवं आसपास के लोगों में आरोपी के प्रति रोष व्याप्त होने से 24 जून को धारा 151 जा0फौ0 के तहत गिरफ्तार कर धारा 107, 116(3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया है।

एसएसपी संतोष सिंह और थाना प्रभारी देर रात सड़कों पर उतरे, वाहनों की हुई चेकिंग

रायपुर (दावा)। राजधानी के शहरी और देहात इलाके में देर रात सड़कों पर वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों के लिए लगातार दूसरे दिन औचक चेकिंग।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह सहित सभी जीओएस और थाना प्रभारी सड़कों पर उतरे। रात्रि 8 बजे से देर रात तक दर्जनों पॉइंट्स पर नाका लगाकर होती रही चेकिंग।

नवा रायपुर एवं शहर के आउटर क्षेत्र सहित देहात क्षेत्र में भी शाम से नाकेबंदी कर हजारों वाहनों की जांच की गई, जिसमें 10संदिग्ध लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही और शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 35 लोगों की गाड़ी जप्त किया गया जिन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद दुबे का दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन 6 एवं 7 जुलाई को

कुंडली विश्लेषण शिविर बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के उपाध्यक्ष संदेश जैन एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया की बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा विगत दिनों संस्था की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

जिसमें शहर में पहली बार दो दिवसीय निःशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें संयोजक राहुल अग्रवाल आयोजन अध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में दो दिवसीय महालक्ष्मी अर्चन कुंडली विश्लेषण शिविर भगवान विश्वनाथ की कृपा एवं सिद्धि प्राप्त प्रख्यात ज्योतिषाचार्य परम पूज्य गुरुदेव पंडित विनोद कुमार दुबे जबलपुर वालों का आयोजन आगामी दिनांक

6 एवं 7 जुलाई को स्थान अग्रसेन भवन में बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न राज्यों के भक्त भी सम्मिलित होंगे।

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद दुबे जी द्वारा ग्रहों की दशा एवं जीवन के उतार-चढ़ाव पर विभिन्न उपाय एवं सुझाव उपस्थित जनों को प्रदान किए जाएंगे जिससे आपकी हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान होगा आयोजन हेतु निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है पंजीयन हेतु राहुल अग्रवाल 8349488000, मयंक शर्मा 9827153440, सौरभ खंडेलवाल 9039790805, रितेश यादव 9300830072, संदेश जैन 9407612000 में संपर्क करें। पूर्व पंजीयन करना आवश्यक होगा उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रितेश यादव एवं सचिव खंडेलवाल ने दी।

डीजीपी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

जगदलपुर-रायपुर । नक्सलियों द्वारा सुकमा में किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद हुए जवानों को करणपुर कोबरा बटालियन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान डीजीपी अशोक जुनेजा सहित पुलिस और सीआरपीएफके उच्च अधिकारियों ने शहीदों को अंतिम सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी. बता दें कि सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में रविवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट को अंजाम दिया था. जिसमें दो जवान शहीद हो गए थे।

जिला चिकित्सालय में महिलाओं के लिए अलग से पर्ची काउन्टर नहीं हुआ शुरु

० पुरूषों के साथ भीड़-भड़क्के में लाइन में लग रही महिलाएं
० बारिश में सामने के बजबजाते नाले का हास्पिटल में पानी घुसने का बना भय

राजनांदगांव (दावा)। बीते 17 जून को कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षक किया गया व वहां व्याप्त समस्याएं व कमियों से अवगत होकर सिविल सर्जन व सीएमएचओ को निर्देशित किया था कि हास्पिटल में व्याप्त कमियां तत्काल दूर की जाए। इसमें हास्पिटल के पर्ची काउण्टर में लगने वाली भीड़ में पुरूषों के साथ महिलाओं के देर तक कतार लगाए खड़ी रहने से निजात दिलाने के लिए महिलाओं के लिए अलग से महिला काउंटर बनाए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन 10 दिन गुजर जाने के बाद हास्पिटल के पर्ची काउंटर के हालात जस के तस बने हुए है। पर्ची काउन्टर में लगने वाली भीड़ में पुरूषों के साथ महिला को लाइन लगाए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। इससे महिलाएं असहज व परेशान महसूस करने लग रही है।

0 'आभा' एप का व्यापक प्रचार नहीं

बता दे कि कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों को ओपीडी पर्ची बनाने के लिए पंजीयन काउंटर में लाइन लगाने की जरूरत न पड़े, इसलिए मोबाइल एप आभा के माध्यम से मरीजों का पंजीयन कराएं जाने की व्यवस्था से लोगों को परिचित कराया था। इसके लिए हास्पिटल के पंजीयन पर्ची कांउटर पर आभा एप से सम्बंधित हिन्दी व अंग्रेजी में पोस्टर भी चस्पा भी किए गए थे। इसके बाद भी इस आभा एप का ज्यादा प्रचार-प्रसार नहीं होने से हास्पिटल के पर्ची काउन्टर में भीड़, जस की तस नजर आ रही है।

बताते चले कि कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा जिला हास्पिटल को इस एप के माध्यम से ओपीडी की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रतिदिन यहां आने वाले 40 प्रतिशत मरीजों का इसी एप से ओपीडी पर्ची बनानी है। अस्पताल स्टॉफ को इस एप का उपयोग करने और दूसरो को भी एप का उपयोग सीखने प्रोत्साहित करने कहा गया लेकिन ऐसा नहीं लग रहा कि इस एप उपयोग ओपीडी पर्ची बनाने के लिए किया जा रहा है।

यदि ऐसा होता तो ओपीडी पंजीयन पर्ची काउंटर में मरीजों की इतनी भीड़ नजर नहीं आती। इस एप का व्यापक प्रचार-प्रसार व उपयोग किए जाने हेतु लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है तब ही अस्पताल पंजीयन काउंटर में मरीजों एवं उनके परिजनों की भीड़ कम नजर आएगी और अपनी बारी आने के लिए देर तक धक्के खाते रहने से लोगों को निजात मिल सकेगा।

जूनियर बालक-बालिका राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। हॉकी छत्तीसगढ़ व जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता श्रीमती हेमा देशमुख महापौर नगर पालिक निगम के मुख्य आतिथ्य, श्रीमती गीताघासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, सबा अंजुम अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी व अर्जुन आवर्डी, रूबीना अंजुम अल्ची समाजसेवी के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

संस्कारधानी एवं देश में हॉकी के नर्सरी के नाम से पहचान बना चुके छत्तीसगढ़ की खेल राजधानी राजनांदगांव के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान में 5वीं सब जूनियर बालक/बालिकाओं की हॉकी प्रतियोगिता 24 जून 2024 से 28 जून 2024 तक आयोजित हैं। आयोजन समिति के अनुराज श्रीवास्तव ने बताया की इस प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में हॉकी जांजगीर चांपा, हॉकी बिलासपुर, हॉकी बेमेतरा, हॉकी दुर्ग, सांई राजनांदगांव, स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, हॉकी कबीरधाम व मेजबान हॉकी राजनांदगांव हॉकी रायगढ़ तथा बालक वर्ग में हॉकी राजनांदगांव, हॉकी जांजगीर चांपा, हॉकी महासमुंद, हॉकी दुर्ग, हॉकी धमतरी, हॉकी जशपुर, हॉकी बेमेतरा, हॉकी कबीरधाम, स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, हॉकी रायगढ़, हॉकी दंतेवाडा के प्रतिभागी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगें।

इस आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर सदस्यों के बीच कार्य विभाजन करते हुए सभी से नगर की गौरवमयी परंपरा का ध्यान रखते हुए सहयोग की आपेक्षा की गई है प्रतियोगिता के तहत भाग लेने वाली टीमो का नगर में आना प्रारंभ हो गया है, इन टीमों के शहर में पहुचने पर फूल मालाओं व पुष्पगुच्छ भेंटकर आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

अनमोल दावा

जीवन एक बड़ा सफर है, आपको हर किसी को जवाब देने और हर चीज पर प्रतिक्रिया करने की जरूरत नहीं है।

जीएसटी या सरकारी पूजा

सरकार ने देश के व्यापारियों पर जीएसटी यह कह कर थोपा था कि इस से व्यापार सुविधाजनक हो जाएगा और एक से बंधी दूसरी चेन वाली बिक्री के कारण न हेराफेरी होगी न इंस्पैक्टर राज होगा. सरकार के दूसरे वादों की तरह यह भी खोखला साबित हो रहा है. जीएसटी एक आफत का पहाड़ बन चुका है और बार-बार के रिटर्नों, लंबे नंबरों की मुसीबतों, उलझी टैक्स दरों, सरकारी नोटिसों, ई-वे बिलों के चक्करों में व्यापारियों को इस सुविधा की बहुत बड़ी कीमत देनी पड़ रही है.

सरकार चाहे खुश हो कि प्रारंभ में 84,000 करोड़ रुपए के कुल टैक्स से यह 1 साल में बढ़ कर 2 लाख करोड़ मासिक के आसपास होने लगा है. इसमें घोटाले होने लगे हैं. बड़े फख्र से अधिकारी कह रहे हैं कि कोलकाता में उन्होंने 5,000 करोड़ रुपए का घोटाला पकड़ा है और जांच व छापे जारी हैं. उन का कहना है कि बिना उत्पादन व बिक्री के बिना जीएसटी पोर्टल से बकायदा ई-वे बिल निकाल कर इनपुट टैक्स क्लेम किया जा रहा है और जमकर सरकार को लूटा जा रहा है.

लूटा सरकार को कम जा रहा है, असल में सरकार लूट रही है जो भारी भरकम टैक्स मैनुअल बनाकर अपने अफसरों को ताबड़तोड़ नोटिस जारी करने का अवसर दे रही है. पर नोटिस का मतलब है व्यापारी की सांस रुकना. यह एक तरह की रंगदारी होती है जिस में अपील और दलील से नहीं, मेज के नीचे से लेन-देन से काम चलता है. जीएसटी का ज्यादा लाभ यह हुआ है कि ये मौके राज्य सरकारों के पहले के सेलटैक्स अफसरों के हाथों से खिसक कर केंद्र के अफसरों के हाथों में पहुंच गए हैं. मंदिर जितना बड़ा होगा, मूर्तियां उतनी ज्यादा बड़ी होंगी और उतना ही चढ़ावा ज्यादा दिया जाएगा। इस सिद्धांत पर टैक्स भक्तों को न केवल अब परिक्रमाओं में ज्यादा चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, पूरे मंदिर परिसर में शातिरों की भीड़ जमा हो गई है जो भक्तों को तुरंत दर्शन, तुरंत पूजा कराने के नाम पर पैसा वसूलती है. टैक्स सरकारी पूजा जैसा बन गया है.

इस टैक्स पूजापाठी प्रक्रिया में बाहरी लोगों को लाभ होने लगा है. हर व्यापारी को अकाउंटेंट बढ़ाने पड़ रहे हैं और साथ ही, एडवाइजरी और कंसलटेंटों की गिनती भी बढ़ रही है. एडवाइजरी कंपनियां मोटे रिटर्नों पर नियुक्त की जाने लगी हैं. रिस्क इंश्योरेंस भी चालू होने की संभावना है जिस में गुजरे सालों के रीअसैसमेंट पर लगे टैक्स के भुगतान की सुविधा हो.

सरकारी टैक्स किसी भी युग में सही नहीं रहा है. अब जब सरकार पूजापाठियों के हाथों में है तो कोई भी उम्मीद करना बेकार ही है.

सरिता से साभार

लोकसभा के सत्र नई उम्मीदों को पंख लगाये

- ललित गर्ग -

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू चुका है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। तीन जुलाई तक दस दिन के लिये चलने वाले इस सत्र में दो दिन नए सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी। बुधवार को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, जबकि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। लोकसभा सत्र में विपक्ष इस बार अपनी बड़ी हुई शक्ति का एहसास कराते हुए आक्रामक होने से नहीं चूकेगा। यही वजह है विपक्ष ने सत्र से पहले परीक्षा में गड़बड़ी, अग्निवीर व प्रोटेम स्पीकर जैसे मुद्दों को लेकर आक्रामक रुख दिखाने की रणनीति बनाई है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में भी सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिशें होती हुई दिख रही है। वैसे भी वह पहले ही सत्ता पक्ष के गठबंधन के सहयोगियों को लोकसभा अध्यक्ष पद की मांग के लिए उकसाने में लगा हुआ है एवं वहीं स्वयं के लिये लोकसभा के उपाध्यक्ष पद की मांग कर रहा है। विपक्ष ने प्रोटेम अध्यक्ष की नियुक्ति के अलावा नीट-यूजी पेपर लीक व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के स्थगित होने के मामले में सरकार को घेरने एवं संसदीय कार्रवाई को बाधित करने की रणनीति बनाई है, जिससे पहले दिन ही हंगामे के परिदृश्य देखने को मिल रहे हैं। बेहतर संख्या बल के चलते विपक्ष का उत्साहित होना स्वाभाविक है और उसके नेताओं की ओर से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की तैयारी में भी कुछ अनुचित नहीं, लेकिन इस तैयारी के नाम पर संसद में हंगामा और शोरशराबा करके ऐसी परिस्थितियां नहीं पैदा की जानी चाहिए जिससे संसद चलने ही न पाए। एक लंबे समय से यह देखने में आ रहा है कि विभिन्न मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही के नाम पर विपक्ष संसद में हंगामा और अव्यवस्था पैदा करना उचित समझता आ रहा है, उसके तेवर इस बार ज्यादा ही उग्र एवं उत्तेजिक दिख रहे हैं, जो संसदीय परम्परा के लिये दुर्भाग्यपूर्ण है। सांसद चाहे जिस दल के हो, उनसे शालीन एवं सभ्य व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। लेकिन सांसद अपने दूषित एवं दुर्जन व्यवहार से संसद को शर्मसार करते हैं तो यह लोकतंत्र के सर्वोच्च मन्दिर की गरिमा के प्रतिकूल है।

संसद राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था है। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है। यदि वहां भी शालीनता, मर्यादा एवं सभ्यता का भंग होता है तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने के गौरव का आहत होना निश्चित है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद भारत की संसद यदि सभ्य एवं शालीन दिखाई न दे तो ये स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण ही कही जायेगी। एक बार फिर ऐसी ही त्रासद स्थितियों से रू-ब-रू होने की स्थितियां बनना एक चिन्तनीय प्रश्न है। संसद की सार्थकता केवल इसमें नहीं है कि वहां विभिन्न मुद्दे उठाए जाएं बल्कि इसमें है कि उन पर गंभीर एवं शालीन तरीके से चर्चा होकर राष्ट्रहित में प्रभावी निर्णय लिये जाये। दुर्भाग्य से संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर ऐसी कोई चर्चा कठिनाई से ही होती है जिससे देश को कोई दिशा मिल सके और समस्याओं के समाधान खोजे जा सके। उचित यह होगा कि संसद में दोनों ही पक्ष संसदीय कार्यवाही के जरिये एक उदाहरण पेश करें, नयी संभावनाओं एवं सौहार्द का वातावरण बनाते हुए नई उम्मीदों एवं संकल्पों के सत्र के रूप में इस सत्र एवं आगे के सत्रों का संचालन होने दें।

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र को लेकर उत्सुकता एवं कुतूहल का वातावरण पक्ष-विपक्ष के नवनिर्वाचित सांसदों में ही नहीं, बल्कि आम जनता में भी है। गठबंधन की स्थितियों के कारण यह लोकसभा पिछली लोकसभा से भिन्न होगी। इस बार विपक्ष का संख्या बल कहीं अधिक है और सत्तापक्ष गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहा है। यद्यपि यह गठबंधन सरकार अतीत की गठबंधन सरकारों से भिन्न है, क्योंकि उसका नेतृत्व करने वाला दल यानी भाजपा बहुमत से कुछ ही पीछे है। इसके बावजूद संसद में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। इस टकराव के आसार भी उभर आए हैं, क्योंकि विपक्ष को प्रोटेम स्पीकर के नाम पर आपत्ति है। विपक्षी इंडिया गठबंधन की मानसिकता संसदीय सत्रों में देश-विकास की योजनाओं पर निर्णय में सहभागिता से अधिक सत्ता पक्ष को घेरने एवं सरकार के कामकाज को बाधिक करने की ही अधिक दिखाई दे रही है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ एवं सौहार्द भावना की। जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने की। राजनीतिक दल द्वंद्व, एक दूसरे की आलोचना एवं विरोध की स्थितियां चुनाव के मैदान तक सीमित करें, उन्हें संसद तक न लाये। संसद में तो सभी दल मिलकर राष्ट्र-निर्माण का काम करें। एक सांसद के साथ दूसरा सांसद जुड़े तो लगे मानो स्वेटर की डिजाईन में कोई रंग डाला हो। सेवा एवं जनप्रतिनिधित्व का क्षेत्र 'मोजॉयक' है, जहां हर रंग, हर दाना विविधता में एकता का प्रतिक्षण बोध करवाता है। अगर हम सांसदों में आदर्श स्थापित करने के लिए उसकी जुझारू चेतना को विकसित कर सकें तो निश्चय ही आदर्शविहिन असंतुष्टों की पंक्ति को छोटा कर सकेंगे और ऐसा करके ही संसद को गरिमापूर्ण मंच बना पायेंगे।

नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटे हैं। मोदी का लोकसभा सदस्य एवं प्रधानमंत्री के रूप में यह तीसरा कार्यकाल है। उन्होंने वाराणसी सीट बरकरार रखी, जिसे वे 2014 से जीतते आ रहे हैं। पहली बार नए संसद भवन में शपथग्रहण हुआ। भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसा दूसरी बार है कि जनता ने किसी सरकार को लगातार तीसरी बार शासन करने का अवसर दिया है। ये मौका 60 साल बाद आया है। अगर जनता ने ऐसा फैसला किया है तो उसने सरकार की नियत पर मुहर लगाई है। उसकी नीतियों पर मुहर लगाई है। जनता के फैसले का स्वागत होना चाहिए, लेकिन ऐसा न होना संसद के साथ-साथ भारत के लिये परेशानी का कारण है। आज भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने की ओर गतिशील है। भारत की बात दुनिया बड़ी ध्यान से सुनती है, वही दुश्मन देश भारत पर तिरछी नजर डालने से पहले सौ बार सोचते हैं, यह भारत की बड़ी ताकत का द्योतक है, जिसे पक्ष एवं विपक्ष मिलकर सहेजे और नये आयाम उद्घाटित करें। इन विषयों पर गंभीर चिन्तन-मंथन की संसद के पटल पर अपेक्षा है। जबकि निश्चित ही छोटी-छोटी बातों पर अभद्र एवं अशालीन शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि घटनाओं का संसद के पटल पर होना दुखद, त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण है। इससे संसद की गरिमा एवं मर्यादा को गहरा आघात लगता है। यह सिलसिला बंद होना चाहिए। जहां विपक्ष का यह दायित्व है कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर सरकार से जवाब तलब करे वहीं सत्तापक्ष की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहे। यदि ऐसा नहीं होता तो यह निराशाजनक ही होगा।

राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर देते हैं। इस तरह से जन्मे हर स्तर के अशालीन एवं असभ्य व्यवहार से राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा होती है, संसद को ही दूषित कर दिया जाता है, अठारहवीं लोकसभा के सभी सत्र इस त्रासदी से मुक्त हो, यह अपेक्षित है। विपक्षी सांसदों की यह कैसी त्रासद मानसिकता है कि वे सब चाहते हैं कि हम आलोचना करें पर काम नहीं करें। हम गलतियां निकालें पर दायित्व स्वीकार नहीं करें। जरूरत इस बात की भी है कि संसद को शुद्ध सांसें मिले, संसदीय जीवन जीने का शालीन, मर्यादित एवं सभ्य तरीका मिले।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम-186 : मंथरा ने कैकेई को भरत जी हेतु श्री राम की चुनौती का काल्पनिक डर दिखाया

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

रानी कैकेई अपने पलंग पर जाकर बैठ गईं। मंथरा उसी तरह खड़ी थी, जैसे वह अपनी बात मनवाकर ही वहां से जाएगी। रानी ने पिछले दिनों की घटनाओं पर एक बार और विचार किया। कुछ देर कक्ष में गहरी शांति छाई रही। आज अयोध्या में उत्सव की संध्या है और आज की रात्रि उत्सवी वातावरण में ही व्यतीत होगी, लेकिन रानी कैकेई के कक्ष में अयोध्या के भविष्य की पटकथा लिखी जा रही है।

अब रानी ने कुछ निश्चय कर लिया है। अपने प्रिय कौशल्या नंदन राम के स्थान पर उन्होंने महाराज दशरथ से स्वयं से जन्मे भरत के अभिषेक का वर मांगने का निर्णय लिया।

''यही अयोध्या के हित में है मंथरा! तुम ठीक कहती हो और मैं महाराज से वरदान के रूप में कुमार भरत का अभिषेक मांगती हूं।''

मंथरा यह सुनकर भी संतुष्ट नहीं हुई। उसने कहा, ''यह तो एक वर हुआ रानी, और दूसरा वर कब मांगेंगीं?''

''क्यों दूसरे वर की क्या आवश्यकता है? मैं भरत के लिए भावी राजपद तो मांगने जा ही रही हूं।''

''आवश्यकता है रानी जी क्योंकि कुमार भरत का भविष्य सुरक्षित करने और उन्हें किसी भी तरह की चुनौती से बचाने के लिए दूसरा वर मांगना आवश्यक है।'' मंथरा ने एक और जहर बुझा तीर छोड़ा।

''अयोध्या में ऐसी क्या चुनौती आ जाएगी? सारी परिस्थितियां तो भरत के अनुकूल हैं।'' रानी ने पूछा।

''राम... राम हो सकते हैं भावी चुनौती, वे भविष्य में भरत के राजपद को अस्थिर कर सकते हैं।'' मंथरा ने कहा।

''नहीं मंथरा! मेरा राम ऐसा नहीं कर सकता। वह आज्ञाकारी है।दूरदर्शी है।समन्वयवादी है। उसे भरत से अगाध प्रेम है।'' कैकेई ने कहा।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -098

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खी से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्योहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 097 का हल

खा	म	खां	■	■	इं	■	■	■
स	ह	■	ब	र	सा	त	■	प
■	क	हा	नी	■	न	क	च	ढ़ा
त	■	■	स्व	■	■	ली	■	ई
क	या	म	त	■	क	फ	न	■
दी	■	दा	■	बा	बू	■	ह	वा
र	ह	ना	■	ल	त	खो	र	■
■	वा	■	नौ	क	र	■	■	सा
भा	ई	■	का	■	■	बा	द	ल

सू- दोकू क्र.098

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.097 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

सामयिक चर्चा

पिता के मन की बात

अखबार पढ़कर,
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज की खास खबर-
फिल्म एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा
और जहीर इकबाल ने
तेईस जून को स्पेशल मेरिज एक्ट के तहत
शादी रजिस्टर की।
सोशल मीडिया पर कपल ने
शादी की तस्वीरें शेयर की।
यद्यपि सोनाक्षी और जहीर ने
शादी पर अपना लुक
काफी सिम्पल रखा था,
फिर भी तस्वीरों में दोनों ही
बेहद खूबसूरत नजर आ रहे हैं।
गजाधर! सोनाक्षी की शादी पर
आपके मन में क्या विचार आ रहे हैं?'
गजाधर इस बार मुस्कराए नहीं,
बोल गंभीर होकर-
''एक उमर में बेटी की शादी होती है।
पिता को बड़ी खुशी होती है।
सोनाक्षी सिन्हा की भी शादी हुई, पर.....।''
गजाधर एकाएक चुप हो गए।
बानी बोले उठे- 'गजाधर! आप कहां खो गए ?
आप अपने 'पर' का मतलब तो
हम लोगों को बताइए ?''
गजाधर ने कहा- ''जब सोनाक्षी
के पिता शत्रुघन सिन्हा अकेले हों,
तो आप उनके मन की
बात पूछ आइए।''

गिरीश बख्शी

राशिफल

मेष आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज सेहत सम्बन्धी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। व्यायाम और खान-पान पर ध्यान दें। किसी जमीन-जायदाद पर चल रहे मुकदमें का फैसला आज आपके पक्ष में आयेगा। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा अधिक लाभ होगा। माता जी आपके काम में हेल्प करेंगी।

वृषभ आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपके सारे रुके हुए काम आज पूरे हो सकते है। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

मिथुन आज आपका दिन आपकी माता-पिता की सेवा में व्यतीत होगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ा पद मिलेगा, जिससे उनकी छवि अच्छी बनेगी। आज किसी अच्छी जगह पर जॉब मिलेगी।

कर्क आज आपका दिन शानदार रहेगा। स्पोर्ट से जुडी महिलाओं के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी अवार्ड से सम्मानित किया जा सकता है। आमदनी में इजाफा होने से अपने आपको कुछ बेहतर महसूस करेंगे, परिवार का वातावरण शांत बना रहेगा। आज बच्चों को पढ़ाने में स्पेंड करेंगे, बच्चे खुश नज़र आएंगे।3

सिंह आज आपका दिन उत्तम रहेगा। काम के प्रति डेडिकेशन होने से आप जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज मैथ्स के किसी टॉपिक को अच्छे से क्लियर करेंगे। आपका फ्रेंड आपसे कोई जरुरी सामान की डिमांड कर सकता है। जीवनसाथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे।

कन्या आज आपका मन उत्साहित रहेगा। जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे है, उनकी सैलरी में इजाफा होगा। मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों को आज अच्छा ऑफर्स मिलेगा और अधिक से अधिक लाभ होगा। आज अपने बिजनेस को विस्तृत करने का प्लान बनायेंगी। किसी बड़े बुजुर्ग कीमदद करने से आप राहत फील करेंगे।

तुला आज आपका दिन काफी बेहतरीन रहने वाला है। बुक सेलर्स के लिए आज का दिन बेहद ही लाभकारी रहेगा, बुक्स की सेल ज्यादा ही होगी। बिजनेस साझेदार के साथ आपके रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। सेहत के लिहाज से आज आप खुद को फ्रेश महसूस करेंगे। आज मंदिर भगवान के दर्शन के लिए जायेंगे।

वृश्चिक आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा, जिससे आप काफी खुश रहेंगे। साथ ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर आज आप कोई पार्टी करेंगे।किसी बात को लेकर भाई ङ्ग बहन में चली आ रही अनबन आज समाप्त होगी। आपको खूब तरक्की मिलेगी। जीवनसाथी आपसे प्रभावित होंगे।

धनु आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। समाज सेवा कर रहे लोगों को आज स्थानीय लोगों द्वारा सम्मानित किया जायेगा, जिससे उनका हौसला बढ़ेगा। भाई बहन के रिश्ते में आज ज्यादा प्यार बढ़ेगा, मिलकर काम करेंगे। आज बिजनेस में किये गये प्रयास सफल होंगे, बिजनेस काफी तरक्की करेगा।

मकर आज आपका दिन बेहतर रहेगा। कामकाज से जुड़ी चुनौती आज आपके सामने आएगी, लेकिन आप इनसे पार पाने में सफल भी होंगे। आपको अपनी किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा, अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मांगलिक कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे, घर में सुख शांति बनी रहेगी।

कुंभ आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी रहेंगे जिससे आपके बॉस आपसे खुश रहेंगे। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रखेंगे, जिसका प्रभाव लोगों पर साफ दिखेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर बनेगी, जिससे जरुरत का सामान खरीदेंगे।

मीन आज आपको नया अनुभव मिलने वाला है। आज थोड़ी-सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को आज उनके कोच द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसका लाभ उनको खेल के मैदान में मिलेगा। आज आपका समय घर के साफ-सफाई में बीतेगा। बुजुर्गों के सेहत का ख्याल रखें, समय-समय पर दवाईयां दें।

कविता

चलो, समंदर में वो लहर ढूँढते हैं

गम के समंदर में, चलो खुशियों का मंजर ढूँढते हैं।
जिस घड़ी न हो कोई फिक्र, चलो वो पहर ढूँढते हैं।।
आज अपने ही लगे हैं, अपनों के पैर खींचने में।
हो साथ, सबका विकास, चलो ऐसी कोई डगर ढूँढते हैं।।
टूट रहे हैं आपसी स्वार्थ में, आज हर रिश्ते और नाते।
आपस में जो बाँधे रक्खे, चलो ऐसी कोई रबर ढूँढते हैं।।
कल-कारखानों से फिजाओं में, घुल रही है धूल-धूसरित गरल।
जिन फिजाओं में न हो, तनिक जहर, चलो वो शहर ढूँढते हैं।।
समंदर के रेत सी, फिसल रही है जिन्दगी।
न डूबा सके कश्ती, चलो समंदर
में वो लहर ढूँढते हैं।।
रब की नेक रहमत से, हासिल हो,वो हर मुकाम ।
बदले तकदीर, ''खलारीवाला''
चलो वो असर ढूँढते हैं।।

महेन्द्र साहू 'खलारीवाला'
गुण्डरदेही बालोद

श्री शिवाय नमस्तुभ्यम स्लोगन के साथ श्री उषा महेश शिव महापुराण का हुआ समापन

० शिव भक्तों ने शानदार सातवें दिन झोंकी ताकत
० कथा 8 बजे से प्रारंभ होने के कारण लोगों का प्रातः 4 बजे से कथा पंडाल में जाने का सिलसिला जारी रहा

गंडई पंडरिया (दावा)। श्री उषा महेश शिव महापुराण का आयोजन गंडई के कोपेभाठा वार्ड 06 में युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो मैदान में गत 18 जून से प्रारंभ हुआ था, जो 24 जून सोमवार तक चला , रोजाना भक्तों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा था, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक अपने शिव भक्तो को कथा सुनाते रहे, जिसमे लाखों भक्त आयोजन समिति के द्वारा बनाए गए डोम में तो कोई टेंट पंडाल में, तो कोई रिक्त भूमि में बोरी त्रिपाल बिछाकर, तो कोई पेड़ों के नीचे श्रवण का लाभ ले रहे थे, लोग छग के कोने-कोने से लेकर पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा से भी भक्त अपने सुविधा में यहा पहुंच रहे थे, हालाकि पार्किंग और कथा स्थल तक लंबी दूरी होने के कारण भक्तजनों को परेशानी अवश्य हुई है, लेकिन भक्तजनों को कथा पंडाल में जाने को जल्दी था इसलिए वह दूरी को जब तय किया तो पता ही नही चला, कथा पंडाल में श्री शिवाय नमस्तुभ्यम, हर-हर महादेव, सारी समस्याओं का हल एक लोटा जल के जयकारे गूंजते नजर आए।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने सोमवार 24 जून को अपने कथा के अंतिम दिन में सुबह 8 बजे से कथा का रसपान किया इस दौरान उन्होंने बताया कि व्यक्ति जब पैदा होता है तो मुट्ठी बंद कर आता है हाथ पसारे चला जाता है क्या तू लेकर आया जग में क्या तू लेकर जाएगा शिव महापुराण करती है जो दुनिया में आया है जग में खाली हाथ नहीं जाएगा। मृत्यु लोक में जो जन्म-जन्म है वह कुछ ना कुछ लेकर जा रहा है मृत्यु निश्चित है और उसे ताला नहीं जा सकता। माइकल जैक्सन को देख लो उनके पास 15 डॉक्टर थे बॉडी मेंशन करने वाले पार्लर से लेकर योगा करने वाले एक्स्पर्ट थे जैक्सन ने शरीर का प्लास्टिक सर्जरी भी कराया वह सोचते हैं मौत से पीछा छूट जाए मृत्यु तो निश्चित है वह आएगी ही मृत्यु करीब में आ जाती है समय सीढ़ी पर आकर खड़ी हो जाती है तो उसे कोई नहीं रोक सकता लेकिन भगवत स्मरण कर लिया हो उसे जिसे भागवत जब लिया हो मृत्यु आने पर चेहरे में सुख का अनुभव होता है। लेकिन शास्त्र कहता है शंकर का स्मरण किया है तुम मृत्यु का आभास नहीं होता। भागवत शक्ति में जितना स्मरण करेंगे जीवन उतना सार्थक होगी उतना प्रसन्न चिंतन का अभाव है। महापुराण कथा आपको अच्छी लगी कि नहीं लेकिन आपने जो समय देकर भगवान जी का सुन शिव की करुणा थी जो आज इस जगह पर हमें शिव महापुराण कथा सुनने का अवसर प्राप्त हुआ जो शिवजी ने हमको यहां बुलाया।

एक गांव में एक दांत का दवाखाना का क्लिनिक था, एक बच्ची दर्द से तड़प रही थी, हमने कहा की बच्ची दर्द से तड़प रही है इसको पहले देख लो लेकिन डॉक्टर ने मना कर दिया फिर वह उस लड़की को लेकर कंपोटर के पास गया और न्यूनतम फीस 300 सौ रुपए था, टोकन कटवाने के बाद लड़की को लेकर डॉक्टर के पास गया, तब इलाज चालू किया। हम आपसे इस कथा के माध्यम से निवेदन करते हैं कि परिवार का पालन करो, पोषण करो, खूब कमाओ, दिल से कमाओ लेकिन एक निवेदन है की कमाई का भोग परिवार करेगा कर्म का भोग आपको करना है, कुछ दिन बाद पता चला की उस डेंटिक्स डॉक्टर साहब की मौत हो गई।

प्रत्येक मनुष्य के ऊपर पाप की गठरी बंधी होती है हर व्यक्ति से पाप होता है बर्तन मांजते समय, कपड़ा धोते समय अधिकतर जीव मर जाते हैं अग्नि जलाते समय छोटे-छोटे कीड़े मर जाते हैं झाड़ू लगाते समय कई कीड़े मकोड़े मर जाते है, घर से चलकर जाते समय कई जीव हमारे पैर से दब कर मर जाते है, यह सभी पाप हमारे सर पर चढ़ा होता है इस पाप को कम करने का भजन स्मरण कथा सत्संग में जब जाते हैं तो चप्पल बाहर हो जाता है इस समय पाप बाहर रह जाता है यह सभी को मनाना होगा एक छोटा सा कपूर का टुकड़ा जब आरती के समय जलाया जाता है यह कपूर का कारण क्या है घर में कोई ना कोई व्यक्ति बीमार पड़ रहा है 15 दिन से बहुत बेचैनी लग रही है तो एक पीपल का पत्ता ले लो उसके ऊपर कपूर रखकर जलाओ और मकान के सभी कमरों दरवाजा में घूमर दरवाजे की मध्य भाग में रख दो 20 से 25 मिनट में मकान में एनर्जी वापस आ जाएगी।

मालवाहक गाड़ी में ढोए जा रहे थे सवारी पुलिस के आला अधिकारी आंख बंद कर खड़े थे

शिव महापुराण कथा का श्रवण करने के लिए लोग दूर-दूर से गंडई तो पहुंचे लेकिन मालवाहक गाड़ी में ठूस-ठूसकर सवारी भरकर पुलिस के नाक के नीचे मालवाहक गाड़ी निकलते बने, पुलिस मुक दर्शक बने रहे, और बकायदा उन लोगों को समझाने के बजाय गाड़ी को पार्किंग कराया ज्ञात हो कि अभी हाल ही में कवर्धा जिले के कुकदुर थाने के अंतर्गत बाहपानी इलाके में तेंदूपत्ता तोड़कर वापस एक मालवाहक गाड़ी ले जा रहे थे उसी समय अनियंत्रित होकर वाहन पलट गई हादसे के बाद चीख पुकार मच गई, और देखते ही देखते 19 लोगों की मौत हो गई जिसमें 18 महिलाएं थी और 1 पुरुष शामिल थे। इस घटना को अभी महज लगभग एक माह हुए है और पुलिस इस मामले को भूल गए। इसमें सबसे मजे की बात यह है कि जिस पुलिस के अधिकारी की ड्यूटी यातायात बेरीकेट्स में लगाई गई थी वह अधिकारी इसी क्षेत्र के थाना प्रभारी हैं।

मुस्लिम जमात ने कराया शिव भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन

मुस्लिम जमात टिकरीपारा के युवाओं एवं बच्चों के द्वारा 24 जून सोमवार को शिव महापुराण के आखिरी दिन होने के कारण शिव भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया गया था। इस भंडारे में शिव भक्तों के लिए पुडी सब्जी का वितरण किया गया जो कि मुस्लिम समाज के बच्चों का एक सराहनीय कदम रहा है। इस आयोजन में मोहगाव के शिव महराज साद मेमन, जुबैर मेमन, रोमान मेमन, रेहान मेमन, अब्दुल्ला मेमन, हारून मेमन अमजद खान सिद्दीकी, जैद मेमन, इस्माइल बक्स, सुलखन सिंह, शिराज खान, जमात सहित मोहल्ले के बच्चे उपस्थित रहे।

नगर में दिवाली जैसा माहौल

गंडई नगर में शिव महापुराण का आयोजन गत 18 जून से 24 जून तक बहुत ही शानदार भक्तिपूर्ण ढंग से हुआ है, इस दरमियान पूरे नगर सहित अंचल में अलग से ही भक्तिमय का वातावरण निर्मित हो गया था, हर किसी के जुबान में श्री शिवाय नमस्तुभयम, हर हर महादेव गूंजता रहा,

लोग पूरे सप्ताह भर भक्ति भाव में लीन हो गए थे पूरे नगर सहित आसपास के ऐसी कोई घर नहीं बचे थे जहां कोई मेहमान ना आया हो सभी के घरों में मेहमानों का आना-जाना पूरा सप्ताह भर से चलते रहा इस दौरान भक्ति मय के साथ दिवाली जैसा माहौल निर्मित हो गया था, कार्यक्रम समापन के दो तीन घंटे याने शाम तक मेहमानों का जाने का सिलसिला शुरू हो गया था।

भाजपा नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने

० मधुसूदन यादव, रामजी भारती और रवि अग्रवाल पर लगाए गए गंभीर आरोप
० कानूनी नोटिस जारी करने की तैयारी में भाजपा नेतागण

मामला - रेत खनन मामले में भाजपा और कांग्रेस नेताओं के मध्य आरोप प्रत्यारोप का

डोंगरगढ़ (दावा)। मुड़पार क्षेत्र में रेत के अवैध खनन मामले में चारों ओर से घिरे एसडीएम और राजस्व अधिकारियों के खिलाफ माहौल बनता देख उत्साह में विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह ने एसडीएम के साथ-साथ भाजपा नेताओं को भी घेरने की तैयारी कर उनके खिलाफ सोशल मीडिया में आरोप पत्र जारी किया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक व प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती और वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल को संबोधित आरोप पत्र में गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

आरोप पत्र के जारी होते ही जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज द्वारा अवैध रेत उत्खनन मामले में संलिप्त पाए गए प्रतीक अग्रवाल से मेरी रिश्तेदारी निकाली हैं। मैं विजय राज को चेलेंज करता हु की, प्रतीक अग्रवाल से मेरा कोई भी रिश्ता विजय राज निकाल देंगे तो मैं पद से इस्तीफा दूंगा और नही निकाला तो क्या मनगढ़ंत आरोप लगाने वाले विजय राज अपने पद से इस्तीफा देंगे और इस रेत के मामले में मेरी एक प्रतिशत भी भूमिका साबित करें। इस मनगढ़ंत आरोप के लिए विजय राज को मेरे द्वारा कानूनी नोटिस दिया जायेगा।

रेत चोरी में भाजपा का चरित्र उजागर - विजय राज

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज द्वारा सोशल मीडिया में जारी किए गए आरोप पत्र में कहा है कि, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का रेत खनन मामले में दिया गया ब्यान हास्यास्पद है। उन्होने कहा है कि लावारिस रेत का उठाव किया गया। इसकी प्रशासन निष्पक्ष जांच कर रहीं है। फिर उसी बयान में उस लावारिस रेत को कांग्रेसीयों की रेत कह रहे है। यह तो हास्यास्पद हैं। या तो रेत लावारिश है या कांग्रेसियों की है मधुसूदन साबित करें। दुसरी बात मै यह कहूंगा कि यह मामला क्या है इसकी श्री यादव को जानकारी ही नहीं हैं यह मामला गलत तरीके से रेत विक्रय का है जिसमें विधि विरूद्ध रेत का उठाव और विक्रय किया गया है। शायद पूर्व सांसद को इन तथ्यों का ज्ञान नहीं हैं तभी वे ऐसी बाते कह रहें है। साथ ही हमने किसी भी भाजपा के व्यक्ति या नेता का नाम नही लिया है और मधुसूदन यादव स्वयं कर रहें है कि भाजपा के पूर्व विधायक को बदनाम करने की साजिश की जा रहीं हैं ये भाजपा के पूर्व विधायक कौन है? ऐसा हमने नहीं कहा यह कहकर वे स्वयं अपनी संप्तितत्ता व्यक्त कर रहें है। हमारी लड़ाई प्रशासन से है सबसे पहले निष्पक्ष जांच की मांग हमने की है। यह अवैध रेती चोरी का मामला हैं प्रशासन ने रेत जप्त किया है। रेत किसका है सिद्ध करने का काम भी प्रशासन का है। यदि आप कह रहें है कि विधिवत् कार्यवाही हो रहीं है। तो आपको ऐसा ब्यान देने की आवश्यकता ही नहीं है। फिर आपने भी एस.डी.एम. पर कार्यवाही की मांग क्यो की है। हमने भी इस अवैध रेत चोरी में संल्पित सभी पर कार्यवाही की मांग की है। चोर कौन है कोतवाल कौन है आप बेहत्तर समझते है। तो आप भी हमारा जांच में साथ दीजिए। मधुसूदन जी का कहना है कि दाल में कही काला है यह बिल्कुल सच है। क्योकि लेखराम साहू बेलगांव सरंपच छबिल साहू का सुपुत्र हैं जो वर्तमान संरपच बेलगांव है और भाजपा नेता है तथा प्रतीक अग्रवाल जनपद सदस्य रवि अग्रवाल का रिश्तेदार है और रवि अग्रवाल पूर्व विधायक रामजी भारती का करीबी है।

हमारे जांच में भी आया है कि ग्रामिण भी रवि अग्रवाल और रामजी भारती की संलिप्ता से इंकार नहीं रहे है या हम यह भी कह सकते है कि जब कोई सत्ता पक्ष का व्यक्ति या नेता प्रश्रय नहीं देगा कोई भी अधिकारी इतनी बड़ी हिम्मत नहीं कर सकता। यहां साफ स्पष्ट नजर आ रहा है कि रेत की चोरी रवि अग्रवाल एवं रामजी भारती प्रश्रय में ही की गई है। क्योंकि रामजी भारती और रवि अग्रवाल से संलग्न लोगों ने करोड़ों की रेत को हटाने की आदेश पर रेत को बेच दिया है। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा भी लगभग इसी प्रकार का आरोप भाजपा नेताओं पर लगाया है।

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ ने विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा को सौंपा ज्ञापन

छुईखदान (दावा)। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति संगठन के द्वारा पदोन्नति में आरक्षण की बहाली को लेकर देशव्यापी चरण बद्ध आंदोलन बनाया जा रहा 24 जून तक प्रथम चरण में समस्त विधायक सांसदों को ज्ञापन सोपा जाना तय किया गया है। इसी क्रम में गत दिनों को खैरागढ़ जिले के अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला प्रतिनिधि एवं ब्लॉक इकाई के द्वारा विधायक श्रीमती नीलांबर यशोदा वर्मा को को उसकी गृह निवास आमलीपारा खैरागढ़ स्थित कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया।

इस संबंध में जारी बयान में जिला उपाध्यक्ष तिरु.संतोष नेताम ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2019 से बिना नियम रोस्टर के पदोन्नति की प्रक्रिया जारी है उच्च न्यायालय बिलासपुर में दया विषयकित याचिका प्रकरणों में पारित ने निर्णय 16/04/2024 तथा छत्तीसगढ़ लोक सेवा पदोन्नति नियम 2003 में संशोधन अधिशोषण में 22 /10/ 2019 परिपत्र 30/10/2019 तथा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 16/04/2024 मैं स्पष्ट तौर पर हेड नोट पृष्ठ 52 में निर्णय देते हुए कहा गया है कि पदृति में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण नीति केवल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न आधिकारिक घोषणाओं में मात्रात्मक हेड इफेक्ट करने के लिए निर्धारित मापदंडों के आधार पर और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 (4)और (क) के तहत निहित प्रावधानों के आधार पर बनाई जा सकती है। इस आदेश के संबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त विभाग अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए पदोन्नति की प्रक्रिया को पूर्ण करने कहा है

संविधान के अनुच्छेद का उल्लेख किया गया है उनके मैं निम्नार्थ है अनुच्छेद 16 (4) में राज्य सरकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विपक्ष में पदोन्नति की मामले में आरक्षण के लिए कोई भी प्रावधान कर सकती है, यदि राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। खंड (4 क) में राज्यों को 1 वर्ष से ना भरी गई आरक्षित रिक्तियां को अगले वर्ष या वर्षों से भरे जाने वाली ऋतु की एक अलग श्रेणी की रूप में करने का अधिकार मिल गया उक्त अनुच्छेद का पालन करते नियम बनाने समय सीमा निर्धारित किया है संगठन ने सरकार को समाधान कारक नियम बनाकर पदोन्नति में आरक्षण देने की मांग किया है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह खुसरो, उपाध्यक्ष तिरु. संतोष नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष तिरु. संजीव कुमार ध्रुव, लालाराम मरावी, कोषाध्यक्ष कुशाल धुर्वे, चंदन धुर्वे, सचिव पूरन सिंह ठाकुर संगठन सदस्य, निमेष सुधाकर, सुरेश भंडारी, दीनदयाल सॉरी, तरण धुर्वे, अनिल धुर्वे, बसंत नेताम, संजय कुमार नेताम, अनिक धुर्वे उपस्थित थे।

कबीर प्रागट्य उत्सव धूमधाम से मना

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम लक्ष्मीनगर घुघवा साल्हे में दो दिवसीय कबीर प्रागट्य उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का आयोजन समस्त साहू समाज कबीर पन्थी समाज एवं समस्त ग्रामवासी लक्ष्मीनगर घुघवा साल्हे के द्वारा किया गया, जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत 20 जून को दीप प्रज्जवलित महन्त नूतन दास द्वारा कर गुरु महिमा पाठ के साथ किया गया. इसके बाद शोभा यात्रा गली भ्रमण आमिन माता कबीर भजन मंडल खुटेरी के सुमधुर भजनों से हुआ. शोभा यात्रा के दौरान गांव की महिलाएं एक ही रंग के परिधान पहने हुए कबीर भजन में सरोबोर होकर नाचते गाते हुए दिखे. शोभा यात्रा के बाद आमिन माताओं द्वारा कबीर सत्संग किया गया. उसके बाद 4 बजे से कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा से पधारे छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कबीर भजन गायक महन्त राजु साहेब के सन्त मंडली द्वारा सन्धया पाठ किया गया और 6 से 9 बजे तक भजन सत्संग कार्यक्रम हुआ. व्दितीय दिवस सुबह गुरु महिमा पाठ के बाद बनहरदी से पधारे आमिन माता भजन मंडल का भजन सत्संग का कार्यक्रम हुआ. दोपहर 2 बजे से आन्नदी चौका आरती कार्यक्रम महन्त राजु साहेब द्वारा सम्पन्न हुआ. महन्त राजू साहेब ने बताया की किस प्रकार साहेब कबीर मानव कल्याण के लिए प्रगट हुए और लोगों को सत्य अहिंसा का रास्ता दिखाया हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए. कार्यक्रम के समापन के पहले भोजन भंडारा आयोजित किया गया. इस दो दिवसीय कबीर सत्संग के कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से कबीर पंथियों की भारी भीड़ रही.

पोट्ठ लइका पहल का शुभारंभ प्रशिक्षण का प्रभारी सचिव द्वारा अवलोकन

मोहला (दावा)। जनपद पंचायत मोहला के सभाकक्ष में कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत राजनांदगांव सीईओ के निर्देशन में यूनिसेफ के प्रशिक्षणों द्वारा जिले के तीन विकासखंडों के चयनित 138 आंगनबाड़ी केन्द्रों के 748 गंभीर कुपोषित बच्चों के लक्षित करते हुए उन्हें गंभीर कुपोषण से बाहर निकालने हेतु 'पोट्ठ लइका पहल' अभियान का शुभारंभ प्रभारी सचिव जे.पी. मौर्य एवं कलेक्टर एस.जयवर्धन सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा किया गया।

युनिसेफ के राज्य स्तरीय प्रशिक्षक महेन्द्र प्रजापति एवं सुश्री दिव्या राजपूत द्वारा इस अभियान के महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायत प्रभारी सचिव महोदय द्वारा आईबी ग्रुप द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्रदायित डिजिटल बेबी वजन मशीनों का वितरण भी मोहला के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया ताकि सभी 0-5 वर्ष के बच्चों का वजन सही से किया जा सके। पोषण एवं देखभाल, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन, समुदाय की सहभागिता, परिवार के सभी सदस्यों की सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया है। एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त परियोजना अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी सुपरवाईजर, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, एनआरएलएम के को-ऑर्डिनर को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

पहली बार में अपने जिले में परीक्षा दिलाकर गदगद हुए परीक्षार्थी, प्रशासनिक पहल के लिए बोले - धन्यवाद कलेक्टर साहब

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में जिले में पहली बार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजीटेट) का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय में पहली बार परीक्षा आयोजित होने से परीक्षार्थी गदगद नजर आए। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए प्रशासनिक पहल के लिए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा का आभार व्यक्त किया। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक 9 केंद्रों में तथा दूसरी पाली 2 से 4:45 बजे तक 12 केंद्रों में परीक्षा आयोजित हुई।

उक्त परीक्षा हेतु नियुक्त डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया, कि प्रथम पाली में पंजीकृत 2430 परीक्षार्थियों में से 1845 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 585 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार दूसरी पाली के लिए पंजीकृत 3164 परीक्षार्थियों में से कुल 2441 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 731 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की तैयारी को लेकर व्यवसायिक परीक्षा मंडल के नियंत्रक डॉ सुधीर उप्रीत जिले के परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण हेतु, शनिवार शाम से जिला मुख्यालय पहुंचकर सभी परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने सुबह से सभी परीक्षा केंद्रों में पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र में बालक व बालिका की संख्या के अनुरूप कक्ष पर्यवेक्षकों की अनुपातिक संख्या की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्रों में सभी परीक्षार्थियों के लिए बैंच डेस्क की व्यवस्था सहित कक्षों में बैठक, प्रकाश, पंखें आदि की सुविधा का अवलोकन कर जिला प्रशासन की व्यवस्था से काफी प्रसन्न और संतुष्ट नजर आए। सभी केन्द्रों में परीक्षा संचालन की स्थिति संतोषजनक पाई गई, किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण नहीं पाया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के प्रभावी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन में नोडल अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू एसडीएम खैरागढ एवं परीक्षा के समन्वयक डॉ जितेन्द्र साखरे वं प्रभारी प्राचार्य रश्मि देवी सिंह शासकीय कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर ने सीजी टेट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले में बनाएं गए अलग–अलग परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। रानी रश्मि देवी शास. महाविद्यालय, प्रेम कुमार सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अवंती बाई स्कूल लारा बांध, विवेकानंद पब्लिक स्कूल, जिला शिक्षा व प्रशिक्षण केन्द्र, शास. पालिटेक्निक कॉलेज, डाक्टर पदुमलाल पन्नालाल स्वामी आत्मानंद स्कूल, वेसलियन इंग्लिश मिडियम स्कूल अमलीपारा, माईल स्टोन नीरज पब्लिक स्कूल, शासकीय हाई स्कूल अमलीपारा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ इंग्लिश मीडियम कन्या शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से परीक्षा के आयोजन के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस अवसर पर परीक्षा नोडल एवं एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू उपस्थिति थे।

आज कांग्रेस संगठन के बैनर तले विधायक सहित वरिष्ठ नेताओं का धरना प्रदर्शन

० दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर उग्र हुए कांग्रेसी
० मामला - मुड़पार क्षेत्र में रेत के अवैध खनन, जप्ति और उठाव की प्रक्रिया में तकनीकी पहलुओं का

डोंगरगढ़(दावा)। मुड़पार क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन और जप्ती के बाद उठाव की प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं पर आपत्ती कर कांग्रेस नेताओं ने डोंगरगढ़ एसडीएम और भाजपा नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही को लेकर हर स्तर पर विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है।

रेत का अवैध उत्खनन कर संग्रहण करने वाले रेत माफियाओं पर अब तक की बड़ी कार्यवाही करने वाले एसडीएम उमेश पटेल पर कांग्रेस नेताओं ने 800 हाईवा रेत चोरी कर बेचने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया था, जिस पर आज दिनांक तक जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ शहर/ग्रामीण तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लाल बहादुर नगर के तत्वाधान में तहसील कार्यालय के समझ दोपहर 2 बजे धरना प्रदर्शन किया जाना है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतत्व में श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, धनेश पाटिला पूर्व मंत्री नवाज़ खान पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव, भुवनेश्वर बघेल पूर्व विधायक डोंगरगढ़, थानेश्वर पाटिला महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, भावेश सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगढ़, सुदेश मेश्राम अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, श्रीमती पुष्पा वर्मा सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती प्रभा साहू सदस्य जिला पंचायत की उपस्थिति में किया जायेगा।

कांग्रेस संगठन की ओर से जारी की गई विज्ञप्ति में सभी पूर्व मंत्रीगण, पूर्व विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, पार्षदगण, समस्त प्रकोष्ठ पदाधिकारी गण,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, सेवादल , युवा कांग्रेस, एनएसयूआई एवं समस्त कार्यकर्तागण से उपस्थिति की अपील की गई है।

भारत की सेमीफाइनल में एंट्री, रोहित की दमदार पारी; फिर गेंदबाजों ने बरपाया कहर

सेंट लुसिया। भारत ने सुपर-8 के आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हरा दिया है. भारत की जीत में सबसे बड़ा योगदान रोहित शर्मा, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव ने दिया. रोहित ने 41 गेंद में 92 रन की तूफानी पारी खेली, वहीं कुलदीप यादव ने मिडिल ओवरों में आकर 2 अहम विकेट चटकाए. उनके अलावा अर्शदीप सिंह एक बार फिर खूब सारे विकेट लेने में सफल रहे. उन्होंने मैच में 3 विकेट लिए. भारत ने पहले खेलते हुए स्कोरबोर्ड पर 205 रन लगाए थे. मगर जब ऑस्ट्रेलिया लक्ष्य का पीछा करने उतरा तो एक छोर से ट्रेविस हेड डटे रहे, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल पाया. हेड ने 43 गेंद में 76 रन बनाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की नांव को जीत तक नहीं खींच पाए. ऑस्ट्रेलिया की हार से अफगानिस्तान खेमे में उत्साह जाग उठा होगा क्योंकि वह अब बांग्लादेश को हराने मात्र से सेमीफाइनल में जा सकता है.

भारत ने दिया 206 रन का लक्ष्य

भारत टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने आया था. हालांकि विराट कोहली शून्य के स्कोर पर आउट हो गए, लेकिन रोहित शर्मा ने 41 गेंद में 92 रन की पारी खेलकर महफिल लूटी. उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 8 छक्के लगाए और इस दौरान मिचेल स्टार्क के एक ही ओवर में 4 छक्के भी जड़े. सूर्यकुमार यादव ने भी तूफानी अंदाज में 16 गेंद में 31 रन बनाए. अंतिम ओवरों में हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने मिलकर टीम इंडिया का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया. हार्दिक ने 17 गेंद में 27 रन और दुबे ने 22 गेंद में 28 रन बनाए.

शुरुआती झटके से उबरा ऑस्ट्रेलिया

जैसे भारत को विराट कोहली के रूप में शुरुआती झटका लगा. वैसे ही अर्शदीप सिंह ने डेविड वॉर्नर को पहले ही ओवर में आउट करके ऑस्ट्रेलिया को तगड़ा झटका दिया. मगर इसके बाद कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के बीच 81 रन की साझेदारी हुई. मार्श बढ़िया खेल रहे थे, लेकिन बाउंड्री पर अक्षर पटेल ने उनका अविश्वसनीय कैच पकड़ा. मार्श ने 28 गेंद में 37 रन बनाए. ग्लेन मैक्सवेल ने कुछ देर ट्रेविस हेड का साथ दिया, लेकिन वो 20 रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर बोल्ड हो गए.

जसप्रीत बुमराह ने ट्रेविस हेड को आउट कर पलटा पासा

आखिरी 4 ओवर में ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 58 रन की जरूरत थी. ट्रेविस हेड अब भी क्रीज़ पर डटे हुए थे और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे थे. इस बीच 17वें ओवर में जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी करने आए, जिन्होंने धीमी गति की गेंद पर ट्रेविस हेड को चकमा देकर उन्हें रोहित शर्मा के हाथों कैच करवाया. हेड का विकेट गिरने से जरूर भारतीय खेमे ने राहत की सांस ली होगी. बुमराह का यह ओवर इसलिए भी ज्यादा घातक साबित हुआ क्योंकि इस ओवर में उन्होंने केवल 5 रन दिए.

रोहित शर्मा और अर्शदीप सिंह चमके

भारत के लिए जीत की नींव कप्तान रोहित शर्मा ने रखी. उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर कुटाई करते हुए मात्र 19 गेंद में फिफ्टी पूरी कर ली थी. उन्होंने 41 गेंद में 92 रन की शानदार पारी खेलकर भारत को 205 रनों के स्कोर तक पहुंचने में अहम योगदान दिया. गेंदबाजी में टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट अर्शदीप सिंह ने लिए. अर्शदीप ने 4 ओवर में 37 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए.

पहला कॉलम...

पुलिस स्टेशन में आग; 9 लोगों की मौत

फ्रांस। फ्रांस के न्यू कैलेडोनिया में इस वक्त अशांति का माहौल है। वहां के द्वीप न्यू कैलेडोनिया में एक पुलिस स्टेशन और एक टाउन हॉल सहित कई इमारतों में बीती रात आग लगा दी गई। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। बताया जा रहा है इस हादसे में अब तक अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही यहां आगजनी और सड़कों को ब्लॉक कर दिया गया है। पुलिस को भी निशाना बनाया गया है। बता दें कि चुनावी सुधार योजना को लेकर मई के मध्य में न्यू कैलेडोनिया में दंगे और लूटपाट शुरू हो गई। इस नई योजना से स्थानीय कनक लोगों को डर था कि वे स्थायी रूप से अल्पसंख्यक हो जाएंगे, जिससे स्वतंत्रता की उम्मीदें निश्चित रूप से पहुंच से बाहर हो जाएंगी। जानकारी के लिए बता दें कि राजधानी नौमिया के उत्तर में डुम्बिया में, पुलिस स्टेशन और एक गैरेज को आग लगा दी गई। इस दौरान चार बख्तरबंद गाड़ियों ने हालात पर काबू पाने की कोशिश की और काफी कोशिश के बाद हालात को सामान्य किया।

जोस बटलर के छक्के से लाखों का नुकसान

नई दिल्ली। इंग्लैंड ने अमेरिका को हरा दिया है. जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड ने अमेरिका को 10 विकेट से हराया. वहीं, इस जीत के साथ ही इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है. पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका ने 18.5 ओवर में 115 रनों का स्कोर बनाया. जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 9.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. इंग्लैंड के लिए जोस बटलर ने 38 गेंदों पर 83 रनों की तूफानी पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 7 छक्के जड़े. इसके अलावा फिल साल्ट 21 गेंदों पर 25 रन बनाकर नॉटआउट लौटे. वहीं, सोशल मीडिया पर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर का छक्का तेजी से वायरल हो रहा है. दरअसल, अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रावलकर तीसरा ओवर करने आए. इस ओवर की चौथी गेंद पर सिर के ऊपर से करारा शॉट जड़ दिया. इसके बाद गेंद सीधे स्टेडियम की छत पर गिरी. जोस बटलर के शॉट ने छत के ऊपर लगे सोलर पैनल का ग्लास क्षतिग्रस्त कर दिया. जोस बटलर के छक्के की दूरी तकरीबन 104 मीटर थी. बहरहाल, सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

हुइया पक्षी के एक पंख की नीलामी 23 लाख में

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड में एक ऐसे पक्षी के पंख की नीलामी हुई, जिसकी कीमत सोचकर भी आप दंग रह जाएंगे. उसका पक्षी का नाम है हुइया. क्रक्रष्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इन पक्षियों की प्रजाति 100 साल पहले ही विलुप्त हो गई थी. अब इस पक्षी के एक पंख को न्यूजीलैंड में नीलामी के लिए रखा गया था. जिसकी बोली 46,521 डॉलर यानी 23 लाख भारतीय रुपये लगी. ये पंख दुनिया का अब तक का सबसे महंगा पंख है, जो इतनी बड़ी नीलामी में बिका है. गोल्ड ब्रोकर के डेटा के अनुसार, पंख का वजन करीब 9 ग्राम है, जो इसे सोने से भी ज्यादा महंगा बनाता है. हुइया पक्षी को आखिरी बार 1907 में देखा गया था. माना जाता है कि 1920 के दशक तक वह अस्तित्व में था. इसे विलुप्त हुए करीब 104 साल हो गए.

लूटपाट के दौरान भारतीय नागरिक को गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली अमेरिका के टेक्सास स्टेट में एक दुकान में लूटपाट के दौरान भारतीय नागरिक को गोली मार दी गई. उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. डलास के प्लीजेंट ग्रोव में 21 जून को एक गैस स्टेशन सुविधा स्टोर में लूटपाट की घटना के दौरान 32 वर्षीय दासारी गोपीकृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.दासारी गोपीकृष्ण आंध्र प्रदेश के बापटला जिले के रहने वाले थे. उनके परिवार में उनकी पत्नी और बेटा हैं. वह आठ महीने पहले ही अमेरिका पहुंचे थे. इस घटना से डलास और आस-पास के इलाकों में रहने वाला भारतीय समुदाय में शोक की लहर है. इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया, जिसमें एक नकाबपोश भारतीय युवक को कई गोली मारता दिखाई दे रहा है. वह खुदरा दुकान से कुछ सामान और नकदी लूटता हुआ भी दिखाई दे रहा है, जहां मृतक काम करता था.पीटीआई-भाषा के मुताबिक रविवार को योग दिवस कार्यक्रम के लिए डलास में मौजूद भारत के महावाणिज्य दूत डी. सी. मंजूनाथ ने बताया कि यह घटना अरकांसस में हुई गोलीबारी से संबंधित नहीं है, जैसा कि विभिन्न स्रोतों द्वारा पहले बताया गया था.

10 साल बाद साउथ अफ्रीका ने सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई, वेस्टइंडीज का सपना हुआ चूर-चूर

नई दिल्ली। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 का 50वां मैच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया और इसी के साथ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल का टिकट भी कटाया।

मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 135 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से काइल मेयर्स ने 35 रन बनाए। वहीं, रोस्टन चेजने 42 गेंदों पर 52 रन की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। वहीं, मैच में बारिश होने के चलते डकवर्थ लुईस नियम के तहत 3 ओवर की कटौती हुई और दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में 123 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 5 गेंद शेष रहते हुए ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

दरअसल, वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 135 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से सबसे ज्यादा रन रोस्टन चेज के बल्ले से निकले, जिन्होंने 42 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 52 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 123 का रहा। उनके अलावा काइल मेयर्स ने 35 रन की पारी खेली। वहीं, साउथ अफ्रीका की तरफ से तबरेज शम्सी ने कमाल की गेंदबाजी की और कुल 4 ओवर के कोटे में 3 विकेट चटकाए। उन्हें मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। एंटीगुआ में साउथ अफ्रीका की पारी शुरू होने के बाद बारिश ने दस्तक दी और मैच थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। इसके बाद डकवर्थ लुईस नियम के तहत मैच में 3 ओवर्स की कटौती हुई और साउथ अफ्रीका के सामने 17 ओवर के लिए 123 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया। टीम की तरफ से ट्रिस्टन स्टब्स ने 29 रन और हेनरिक क्लासन ने 22 रन की पारी खेली। मार्को जानसेन ने नाबाद 21 रन बनाए और अंत में सिक्स जड़कर मैच को फिनिश किया।

लिथियम बैटरी प्लांट में लगी भीषण आग से 22 की मौत

सियोल। दक्षिण कोरिया से लिथियम बैटरी प्लांट में आग लगने की घटना सामने आई है। इस हादसे में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लापता हैं। स्थानीय अग्निशमन अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि ये आग सुबह 10:30 बजे लगी थी। हालांकि अब इस आग को बुझा दिया गया है। सियोल के दक्षिण में ह्वासेओंग में बैटरी निर्माता एरिसेल की तरफ से संचालित एक फैक्ट्री में आग लगी थी।

मालूम हो कि प्लांट के अंदर करीब 20 शव मिले हैं, लेकिन किम ने बताया कि 16 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि बचावकर्मी लापता हैं और पांच लोगों को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। 2020 में स्थापित, एरिसेल सेंसर और रेडियो संचार उपकरणों के लिए लिथियम प्राथमिक बैटरी बनाती है। इसकी लेटेस्ट रेगुलेटरी फाइलिंग और इसके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, इसमें 48 कर्मचारी हैं। एरिसेल रेगुलेटरी फाइलिंग के मुताबिक, कंपनी दक्षिण कोरिया के शेयर बाजार में लिस्टड नहीं है, लेकिन इसका बहुमत एस-कनेक्ट के पास है। एस-कनेक्ट जूनियर कोस्डैक इंडेक्स पर रजिस्टर्ड है और इसके शेयर 22.5त्न पर बंद हुए। बता दें कि इमारत के ऊपरी लेवल के हिस्से ढह गए थे, और इमारत के बड़े हिस्से ऐसे लग रहे थे जैसे किसी विस्फोट से वे सड़क पर उड़ गए हों।

बाबर-रिजवान पर गिर सकती है गाज, पीसीबी ले सकती बड़ा फैसला

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड खिलाड़ियों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में कटौती करने का विचार करने वाली है। जिसमें टीम के कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का नाम भी शामिल है। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने खराब प्रदर्शन से टीम को काफी निराश किया है। वहीं रिपोर्ट के अनुसार अगर इन खिलाड़ियों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में कटौती की जाती है तो बाबर और रिजवान पीसीबी को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लेने से मना कर सकते हैं।

टी20 विश्व कप 2024 से पहले पाकिस्तान टीम का कोच गैरी कर्स्टन को बनाया गया था। बावजूद इसके विश्व कप में टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। बाबर आजम की टीम सुपर-8 में भी अपनी जगह नहीं बना पाई थी। विश्व कप से बाहर होने के बाद खुद कोच गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान टीम पर सवाल उठाए थे। वहीं अब पीसीबी को कोच की रिपोर्ट का इंतजार है। जिसके बाद ही इस पर फैसला लिया जाएगा। दरअसल वनडे विश्व कप और अब टी20 विश्व कप इन दोनों ही बड़े टूर्नामेंट में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है।

विज्ञान ने किया दुनिया का सबसे बड़ा कमाल, अब 'मरे हुए पूर्वजों से बात' करना संभव

कैनबराः विज्ञान के विकास और तकनीकि के तजुर्बे ने अब वह भी संभव कर दिखाया है, जिसकी कल्पना तक कर पाना संभव नहीं था। क्या आप कभी सोच भी सकते थे कि सैकड़ों वर्ष पहले मर चुके अपने पूर्वजों से बात करना संभव है?....शायद नहीं। मगर वैज्ञानिकों ने अब इस असंभव को संभव कर दिया है। द कन्वरसेशन की रिपोर्ट के मुताबिक अब विज्ञान और तकनीकि के बल पर आप भी अपने मरे हुए पूर्वजों से आमने-सामने बैठकर बात कर सकते हैं। उन्हें अपनी बातें बता सकते हैं, उनका सारा हालचाल जान सकते हैं। पूर्वज आपके हर सवाल का जवाब भी देंगे और आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए मर चुका होने के बाद भी सामने से आकर आशीर्वाद देंगे।

यह सुनकर ही आपके होश उड़ गए होंगे। मगर चौंकिये मत आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस (एआइ) और कुछ अन्य तकनीकियों की वजह से अब मरे हुए लोगों से बात करना संभव हो गया है। हालांकि यह सुनने में बेहद डरावना और जोखिम भरा लग सकता है, लेकिन अब विज्ञान ने दुनिया का सबसे बड़ा चमत्कार कर डाला है। वैज्ञानिकों का यह दावा भले ही आपको शायद एक आभासी वास्तविकता (वीआर) हेडसेट के माध्यम से काल्पनिक फिल्म में कदम रखने जैसा लग रहा हो, जो रोमांचकारी भी है और थोड़ा डरावना भी। मगर डिजिटल दुनिया में अब ये संभव हो गया है।

कैसे होगी पूर्वजों से वीडियो पर बात

जैसे ही आप इस डिजिटल पिता के साथ बातचीत शुरू करेंगे। आप खुद को एक भावनात्मक रोलरकोस्टर पर पाएंगे। फिर आप उन रहस्यों और कहानियों को उजागर करेंगे, जिन्हें आप कभी नहीं जानते थे, जिससे वास्तविक व्यक्ति को याद करने का आपका तरीका बदल जाता है। यह कोई दूर की बात या काल्पनिक परिदृश्य नहीं है। अब यह डिजिटल आफ्टरलाइफ़ उद्योग की वजह से संभव हो गया है, जो तेजी से विकसित हो रहा है। कई कंपनियां मृत व्यक्तियों के डिजिटल पदचिह्नों के आधार पर उनका आभासी पुनर्निर्माण करने का वादा करती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट और वर्चुअल अवतार से लेकर होलोग्राम तक, यह तकनीक आराम और व्यवधान का एक अजीब मिश्रण प्रदान करती है। यह हमें गहरे व्यक्तिगत अनुभवों में खींच सकता है जो अतीत और वर्तमान, स्मृति और वास्तविकता के बीच की रेखाओं को धुंधला कर देता है।

डिजिटल आफ्टरलाइफ उद्योगों की आएगी बाढ़

आपको अपने पूर्वजों से वीडियो कॉलिंग पर बात कराने के लिए अब डिजिटल आफ्टरलाइफ़ उद्योग बढ़ने लगा है। हालांकि यह कई महत्वपूर्ण नैतिक और भावनात्मक चुनौतियां खड़ी करता है। इनमें सहमति, गोपनीयता और जीवन पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव के बारे में चिंताएं भी शामिल हैं। डिजिटल आफ्टरलाइफ़ उद्योग क्या है? वीआर और एआई प्रौद्योगिकियां हमारे प्रियजनों के आभासी पुनर्निर्माण को संभव बना रही हैं।

प्रथम पेज का शेष ....

'हम बचाएंगे संविधान'.....

शपथ का क्रम शुरू हुआ जो मंगलवार को भी जारी रहेगा। लोकसभा में यह पहली बार दिखा कि आसन के दाईं ओर सत्ता पक्ष के सदस्यों की शपथ के लिए माइक लगाई गई है तो बाईं ओर विपक्षी सांसदों की शपथ के लिए माइक है। विपक्षी खेमे के सांसदों ने इसको लेकर यह कहते हुए सवाल भी उठाया कि लोकसभा में पहले सभी सदस्य एक ही जगह खड़े होकर शपथ लेते थे। अब परंपरा तोड़ी और बदली जा रही है।

राजनीति में बना गजब का संयोग...

पीयूष गोयल की जगह लेंगे नड्डा- गौरतलब है कि जेपी नड्डा राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की जगह लेने जा रहे हैं। पिछली सरकार में पीयूष गोयल राज्यसभा में नेता सदन थे। गोयल ने इस बार मुंबई से लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीता है। ऐसे में वह राज्यसभा छोड़ लोकसभा पहुंच चुके हैं।

30 जून को पूरा हो रहा जेपी नड्डा का कार्यकाल- बतौर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके स्थान पर किसी और को भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। दूसरी ओर राज्यसभा का सत्र 27 जून से प्रारंभ होने जा रहा है। ऐसे में दोनों पार्टियों के अध्यक्षों की मुलाकात बतौर नेता प्रतिपक्ष और नेता सदन होनी तय है।

नीट-यूजी पेपर गड़बड़ी के ....

आपराधिक इतिहास का पूरा ब्योरा दर्ज है। रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद सीबीआई आगे की जांच में जुटेगी। नीट-यूजी पेपर मामले में ईओयू ने अपनी जांच के आधार पर अब तक आधिकारिक तौर पर 18 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें 13 को पटना से जबकि पांच को देवघर से गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए)की ओर से पांच मई को यह परीक्षा देशभर में 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। सीबीआई नीट-यूजी पेपर लीक में साजिश, धोखाधड़ी, उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का पता लगाने के साथ ही एनटीए से जुड़े लोगों की भूमिका की भी जांच करेगी।

गुजरात के गोधरा पहुंची सीबीआई टीम- नीट में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सीबीआई टीम सोमवार को गुजरात के पंचमहल जिले में स्थित गोधरा शहर पहुंची। गोधरा पुलिस ने 27 उम्मीदवारों से 10-10 लाख रुपये लेकर नीट-यूजी उत्तीर्ण कराने में उनकी मदद करने के आरोप में आठ मई को आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया था। पंचमहल के पुलिस अधीक्षक हिमांशु सोलंकी ने कहा कि मामले की जांच के लिए हम उन्हें हरसंभव सहयोग देंगे। गुजरात पुलिस ने नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के मामले में अब तक गोधरा के एक स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

केंद्र सरकार ने दी पेपर लीक विरोधी...

पेपर लीक या गड़बड़ी पर तीन से पांच साल की कैद- इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम तीन वर्ष जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख तक के जुर्माने के साथ पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार कारावास की अतिरिक्त सजा दी जाएगी।

सर्विस प्रोवाइडर के दोषी होने पर लगेगा 1 करोड़ का जुर्माना- परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त सर्विस प्रोवाइडर अगर दोषी होता है तो उस पर 1 करोड़ रुपये तक जुर्माना होगा। सर्विस प्रोवाइडर अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो उससे परीक्षा की लागत वसूली जाएगी। साथ ही, सेवा प्रदाता को 4 साल की अवधि के लिए किसी भी सार्वजनिक परीक्षा के संचालन की जिम्मेदारी से भी रोका जा सकता है। यदि कोई संस्था संगठित अपराध करने में शामिल है, तो उसकी संपत्ति कुर्की और जब्ती के अधीन होगी और परीक्षा की आनुपातिक लागत भी उससे वसूली जाएगी। यह विभिन्न निकायों द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ पहला राष्ट्रीय कानून है। बता दें कि सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक को इस वर्ष 9 फरवरी को राज्यसभा द्वारा पारित किया गया था। इसके बाद 6 फरवरी को इस विधेयक को लोकसभा में पारित किया गया था। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को विधेयक को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया था।

मोदी, राजनाथ, शाह, गडकरी, शिवराज ...

सांसदों को शपथ के लिए बुलाया गया। प्रधानमंत्री शपथ के बाद उठकर चले गये। सदस्यों में सबसे पहले अंडमान निकोबार द्वीप समूह से निर्वाचित श्री बिष्णु पद रे ने शपथ ली। इसके बाद आंध्रप्रदेश के अराकु से निर्वाचित सुश्री गुम्मा तनुजा ने शपथ ली।

शपथ ग्रहण का सिलसिला शाम छह बजे तक चला और आज मध्यप्रदेश तक के 262 सांसदों ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ग्रहण की। इसके बाद सदन की कार्यवाही अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दी गयी। बाकी 281 सांसद कल शपथ लेंगे जिनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, कल्याण बनर्जी एवं प्रो. सौगत राय और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेता टी आर बालू, ए राजा, कनिमोझी आदि प्रमुख विपक्षी चेहरे होंगे।

बीजेपी को अब और समर्थन नहीं,...

समर्थन देने के अपने पहले के रुख पर कायम रहेगी, तो उन्होंने कहा, अब बीजेपी को समर्थन नहीं, केवल विपक्ष को समर्थन मिलेगा। हम ओडिशा के हितों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

एजेंसी के मुताबिक पात्रा ने कहा, बीजेपी को समर्थन देने का सवाल ही नहीं उठता। बीजेडी अध्यक्ष ने हमसे कहा कि अगर एनडीए सरकार ओडिशा की वास्तविक मांगों की अनदेखी करती रही तो हमें एक मजबूत और जीवंत विपक्ष के रूप में काम करना चाहिए।

0 आम चुनाव में बीजेडी का बुरा प्रदर्शन- बीजेडी के पास राज्यसभा में 9 सांसद हैं, जबकि हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में यह एक भी सीट जीतने में विफल रही, जो 1997 में इसके गठन के बाद पहली बार हुआ। बीजेडी ने राज्य में सत्ता भी खो दी है, क्योंकि बीजेपी ने 24 साल पुरानी उसकी सरकार को खत्म कर दिया है। बीजेडी ने पिछले कुछ सालों में न केवल संसद में विभिन्न मुद्दों पर बीजेपी का समर्थन किया है, बल्कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को 2019 और 2024 में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने में भी मदद की है। रविवार को सीनियर बीजेपी नेताओं के साथ बैठक में पटनायक ने कहा था, आप सभी जानते हैं कि बीजेपी को ओडिशा विधानसभा में बहुमत के आंकड़े से चार सीटें ज्यादा मिली हैं, केंद्र में भी उसके पास अपने दम पर बहुमत नहीं है। इसलिए, आपको कड़ी मेहनत करनी चाहिए, एकजुट रहना चाहिए और पार्टी को मजबूत करना चाहिए।

वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को...

स्टेशनों पर सफाई और पानी की सुविधा के बिन्दुओं पर चर्चा में यात्रा के दौरान ट्रेनों में पानी की उपलब्धता और सफाई में सुधार के लिए यह निर्णय लिया गया कि अगले दो वर्षों में सफाई और पानी की सुविधाओं को मौजूदा संख्या से दोगुना कर दिया जाएगा। सफाई और पानी देने के लिए आवश्यक समय को पूरे नेटवर्क की समय सारणी में शामिल किया जाएगा ताकि इस महत्वपूर्ण गतिविधि की उपेक्षा न हो।

भारत में हो सकता है अमेरिका की..

पूरा करने के लिए मैन-पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपी-एटीजीएम) का परीक्षण करने जा रहा है। प्रौद्योगिकी और अधिक धार देने के उद्देश्य से एमपी-एटीजीएम हथियार प्रणाली का कई बार मूल्यांकन किया गया है। इस प्रणाली में लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति प्रणाली (टारगेट एक्यूसिशन सिस्टम) और अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल हैं।

प्राथमिक शिक्षकों ने सीखे बुनियादी भाषा, गणित पढ़ाने के तरीके

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इक्कीसवीं सदी को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई में आमूल चूर परिवर्तन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी नई शिक्षा नीति लागू हो चुका है जिसको जमीनी स्तर प्रभावी ढंग लागू करने के लिए एससीईआरटी के आदेश के परिपालन और डाइट खैरागढ़ के निर्देश अनुसार अंबागढ़ चौकी के कौड़ीकसा जोन में प्राथमिक शाला के शिक्षकों का चार दिवसीय दो चरणों में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें जोन के अंतर्गत आने वाले नौ संकुल कुदुरघोड़ा, परसाटोला, भर्रीटोला, कौड़ीकसा, देवरसुर, अरजकुंड, गोपलिनचुवा, करमतरा, तारमटोला शाला के शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.के. धीवर और बीआरसी संतोष पांडे के मार्गदर्शन और एसआरजी मनोज चंद्रवंशी, श्रीमती भारती उमरे के सहयोग, जोन के लिए चिन्हांकित जिला स्रोत ग्रुप के प्रशिक्षक राजेश्वर कुमार साहू, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा और दिनेश कुमार खोब्रागड़े ने तकनीकी सामग्रियों का उपयोग करते हुए

डीआरजी ग्रुप ने दिए प्रशिक्षण

दो चरणों में कुल 120 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिए।

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से नई शिक्षा नीति में बदलाव किए जा रहे पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के सिद्धांतों का पालन करते हुए बुनियादी साक्षरता और अंकगणित (एफएलएन) में प्राथमिक स्तर पर बच्चों को कैसे निपुण करना है, इस पर भाषा के चार ब्लॉक मॉडल, मौखिक भाषा, डिकोडिंग, पठन, लेखन का पाठ प्रदर्शन कर पूरा फोकस किया गया। उसी प्रकार गणित में चार खंडीय मॉडल मौखिक गणित, गणित कौशल, कौशल अभ्यास और गणितीय खेल पर जानकारी दिया गया। पूरे सत्र में वार्षिक, साप्ताहिक और दैनिक कार्ययोजना पर कैसे कार्य करना है, शिक्षक संदर्शिका, तरिया के दरपन, अभ्यास पुस्तिका, पाठ्यपुस्तक, बिग बुक का प्रयोग कैसे करना है, प्रायोगिक तौर पर बताया गया। साथ में नवा जतन के प्रमुख बिंदु, बालवाड़ी, विद्या प्रवेश, जादुई पिटारा, बहुभाषा शिक्षण, बहु स्तरीयकक्षा शिक्षण, पुस्तकालय पर शिक्षकों को बिंदुवार जानकारी दिया गया। जिससे धरातल पर बच्चों की बुनियादी भाषा और गणित कौशल को बेहतर करने शिक्षकों को सहयोग मिलेगा और आने वाले समय में बच्चों का प्रारंभिक पठन, लेखन में मदद मिलेगा। प्रशिक्षण में डाइट खैरागढ़ से जिला प्रभारी रोमेश जंघेल का भी समय समय पर मार्गदर्शन मिला। पहले चरण में चार दिन का समेकित रूप से प्रतिवेदन शिक्षिका श्रीमती शिवानी वारके और दूसरे चरण में श्रीमती सुरेखा साहू ने प्रस्तुत किए। प्रशिक्षण में व्यवस्था और अन्य के लिए विशेष रूप से सभी संकुल समन्वयक नरेश निषाद, रामकुमार छेदैया, ध्रुव कुमार यादव, राजेश साहू, पवन रामटेके, ईश्वर पटेल सहयोग रहा। उक्त जानकारी प्रशिक्षण जोन प्रभारी राजेश्वर कुमार साहू और सहायक जोन प्रभारी राजेश साहू ने दिए।

नूतन महिला मंडल एवं मातृशक्ति ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

डोंगरगढ़(दावा)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नूतन महिला मंडल समिति व मातृ शक्ति बहनों के द्वारा नित्य संचालित योग केंद्र नागसेन बुद्ध विहार पर बड़ी महिलाओं ने एक साथ योग किया। योग शिक्षिका रुपा टेंभुरकर के द्वारा महिलाओं को दिनचर्या और ऋतु आहार की जानकारी दी गई और बताया हमारे लिए योग क्यों आवश्यक है। दसवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को योग शिक्षिकाओं एवं शहर की मातृशक्तियों द्वारा दैनिक योगाभ्यास के साथ-साथ प्रोटोकॉल योगाभ्यास किया गया जिसमें सभी दैनिक योगिनीया शामिल हुई थी जो रोज सुबह नागसेन बुद्ध विहार में योगाभ्यास के लिए आती है और साथ ही साथ कई नए लोग भी शामिल हुए।

0 नियमित संचालित किया जा रहा है योग क्लास

नागसेन बुद्ध विहार में 1 अक्टूबर से नियमित निःशुल्क योग क्लास महिलाओं के लिए शुरू किया गया है। सभी महिलाएं योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले रही है। नियमित योग करने वाली महिलाएं योग के माध्यम से कई रोग से छुटकारा पा चुकी है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को कार्यक्रम को सफल बनाने मे योग शिक्षिका श्रीमती रूपा टेंभूरकर, श्रीमती लीना साहू बबिता, आशा, कुसुम, संगीता, सतिका, मीना, प्रीति बाला, सांची नलिनी, प्रणिता, अशरफ जीवा, नलिनी राव, विजया, भारती, सुषमा, ममता, इंदु, लक्ष्मी, प्रेरणा, दिव्या, स्मृति, धम्मप्रिया, श्वेता, मंजू, सरिता, आकांक्षा, दीपाली राशि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

राजेंद्र जैन के मरणोपरांत मृत शरीर मानवता को समर्पित

भिलाई (दावा)। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र, खुर्सा15 निवासी राजेंद्र जैन के मरणोपरांत उनका देहदान किया गया। जून 2017 में स्व. राजेंद्र जैन द्वारा मानवता की भलाई के लिए देहदान का संकल्प प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से किया गया था।

इस दौरान देहदान हेतु जारी वसीयत के अनुसार उनके परिजनों द्वारा उनकी पार्थिव काया एम्स रायपुर को मानवता की भलाई के लिए दान किया गया। यह संयोग ही रहा कि स्वर्गीय राजेंद्र जैन का निधन भी एम्स रायपुर में ही इलाज के दौरान हुआ। देहदानी राजेंद्र जैन का निधन 21 जून को सुबह 6 बजे हुआ था। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी को दिए जाने पर स्वर्गरथ (शव वाहन) आदि की

प्रनाम के माध्यम से पेश की गई देहदान की अनूठी मिसाल

व्यवस्था करवाने के साथ देहदान की अन्य और औपचारिकता संपन्न एम्स रायपुर में करवाई गई।

देहदान के पुनीत कार्य के दौरान पुत्र अजीत जैन, आशीष जैन के अलावा विजय अग्रवाल, हुकुमचंद जैन, वीके जैन, डॉ मनोज अग्रवाल, मनीष जैन, अमित नागदेव, दीपक अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, नटवरलाल अग्रवाल, विकास गोयल, रुद्रांश जैन, दीपक अग्रवाल, रतन ठाकुर, एम्स के डॉ. सोमेश त्रिवेदी और रामभुवन पटेल का विशेष योगदान रहा।

मानवसेवी संस्था प्रनाम के द्वारा अभी तक 2028 लोगों को देहदान हेतु प्रेरित कर उनकी वसीयत एवं 209 पार्थिवकाया छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज को मानवता की भलाई के लिए उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस पर उन्हें स्मरण कर श्रद्धा पुष्प अर्पित किए

बालोद (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को भाजपा जिला बालोद के सभी नौ मंडलों में शक्ति केंद्र स्तर पर मनाया गया उनकी प्रतिमाओं एवं शक्ति केन्द्रों में उनके तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा उनके विचार, त्याग एवं बलिदान पर व्याख्यान किया इस क्रम में जुंगेरा शक्ति केंद्र पर जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला मंत्री शरद ठाकुर, कार्यालय मंत्री लोकेश श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र साहू सहित संजय साहू, अरुण साहू, विक्रम लालवानी, सता नंद साहू, दुर्जन साहू, वीरेंद्र साहू, बालसिंग साहू, संतोष साहू, टिकेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपने श्रद्धा पुष्प अर्पित किए।

जिला जिला अध्यक्ष पवन साहू ने देश के लिए मुखर्जी जी के कार्यों, त्याग, तपस्या को स्मरण करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्चे मायने में भारत

माता का सच्चा सपुत बताया उनमें विलक्षण राजनीतिक दक्षता थी आज जो कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना है एक एक निशान, एक संविधान राष्ट्रध्वज तिरंगा शान से वहां लहरा रहा है घाटी में अमन चैन एवं खुशहाली आई है धारा 370 हटा है आज जहां 55 से 65 प्रतिशत मतदान हो रहे हैं लोकतंत्र की जीत हुई है उसके लिए अपने प्राणों की आहुति मुखर्जी ने दी है परमिट प्रथा बंद करने उनका आंदोलन देश में एक विधान एक प्रधान एक निशान होने की देन है उनके विचार एवं प्रेरणा से आज करोड़ों-करोड़ों लोग राष्ट्रभक्ति एवं सेवा कार्य में लगे हैं उनका चिंतन आज भी देश के लिए प्रासंगिक है।

जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव ने उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मुखर्जी जी को एक महान शिक्षाविद बताया केवल 33 वर्ष की उम्र में मुखर्जी जी कोलकाता यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बने आज तक विश्व में इतने कम उम्र में इतनी ख्याति किसी ने अर्जित नहीं कर पाया है वास्तव में अगर वे न होते तो देश की विघटन करी शक्तियां एवं तात्कालिक शासन पूरे बंगाल को पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बना देती उनकी प्रतिभा को देख सरदार वल्लभभाई पटेल एवं गांधी जी ने उन्हें नेहरू जी के अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति केंद्रीय मंत्री पद की सिफारिश की देश विरोधी नीतियों से व्यथित होकर उन्होंने मंत्री पद त्याग दिया अपने विचारों के दम पर विश्व की सबसे बड़ी राष्ट्रवादी जनसंघ के संस्थापक बने उनके विचारों से ही आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र की सेवा कर रही है। जिला मंत्री शरद ठाकुर ने कहा कि मुखर्जी की एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और स्पष्ट वादी के रूप में अपने मित्रों और शत्रुओं द्वारा समान रूप से सम्मानित थे एक महान देशभक्त और सांसद सिस्ट के रूप में भारत उन्हें सम्मान के साथ याद करता रहेगा।

भारतीय जनता पार्टी बालोद जिले के हजारों कार्यकर्ता मुखर्जी जी के स्मृति दिवस 23 जून से उनके जन्म दिवस 6 जुलाई तक भारतीय जनता पार्टी विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा के रूप में वृक्षारोपण एक वृक्ष मां के नाम स्वच्छता अभियान जैसे अनेक सेवा कार्य से उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिला भाजपा कार्यालय में अंत में सेवानिवृत शिक्षक एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता खमन लाल शांडिल्य के स्वर्गवास पर श्रद्धांजलि सभा रख श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

योग अभ्यास के साथ शिविर का हुआ समापन

आयुष हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पदुमतरा में पांच दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

ठेलकाडीह (दावा)। संचालक आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण मिशन के योजनानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव छ.ग. के कुशल मार्गदर्शन में आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पदुमतरा विकासखंड एवं जिला राजनांदगांव में दिनांक 17 जून से 21जून तक लेकर निःशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया 7 समापन में ओमप्रकाश साहू क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति राजनांदगांव के मुख्य आतिथ्य एवं ललिता साहू सरपंच ग्राम पंचायत पदुमतरा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

जिसमें मोहन साहू, दुर्गा राम साहू विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक इन्द्राणी साहू द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल एवं योगा डांस का अभ्यास करवाया गया तथा पदुमतरा की छात्राओं द्वारा योग डांस की भावभीनी प्रस्तुति दी गई।

छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु ओमप्रकाश साहू एवं ललिता साहू के करकमलों से उपहार प्रदान किया गया तथा मोहन साहू द्वारा प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने समस्त ग्रामवासियों को योग एवं आयुर्वेद से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करते हुए दैनिक योगाभ्यास के लाभ के बारे में बताया गया ग्राम सरपंच ललिता साहू ने योग दिवस के थीम समाज एवं स्वयं के लिए योग का वर्णन कर खान पान एवं खेती में अन्न मोटे अनाज को सम्मलित करने हेतु अपील की। इस दौरान शिविर प्रभारी डॉ. हर्षा दुबे द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। शिविर में सतीश कुमार, शांति यादव, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रधान पाठक लीना यादव, एन जोशी एवं शिक्षक उपास्थित रहे।

इफको द्वारा सेवा सहकारी समिति अछोली में नैनो क्लस्टर विलेज परियोजना आधारित किसान गोष्ठी संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम अछोली के साहू समाज भवन में इफको द्वारा नैनो क्लस्टर विलेज परियोजना आधारित किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में नैनो क्लस्टर विलेज परियोजना के तहत इफको नैनो यूरिया व नैनो डी. ए. पी. और सागरिका लिक्विड के उपयोग और लाभ पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शशिकांत द्विवेदी, प्रतिनिधि आमसभा इफको नई दिल्ली एवं संचालक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, राजनांदगांव विशिष्ठ अतिथि आर. एस. तिवारी (राज्य विपणन प्रबंधक, इफको छत्तीसगढ़) एवं डॉ. एस. के. सिंह (उप महाप्रबंधक, इफको छत्तीसगढ़, कृषि सेवाएं प्रभाग), डी. ए. सिद्दीकी (क्षेत्रीय अधिकारी, इफको राजनांदगांव), समिति प्रबंधक जी.आर. महोबिया सहित लगभग 200 कृषक एवं महिलायें उपस्थित थे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अछोली सेवा सहकारी समिति के सदस्य किसानों एवं निकट के अन्य ग्रामों के किसानो को नैनो क्लस्टर विलेज परियोजना एवं नमो ड्रोन दीदी परियोजना के बारे में जागरूक करना था। मुख्य अतिथि श्री द्विवेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए

कहा की रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशको के अंधाधुंध उपयोग से होने वाले नुकसान कितने घातक साबित हो रहे हैं जिससे न सिर्फ मिट्टी, हवा एवं जल प्रदूषित हो रहा है बल्कि मनुष्य का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है,। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करते हुए नैनो उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी एवं कहा की नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. के उपयोग से न सिर्फ उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने नैनो क्लस्टर परियोजना से गाँव वालो को लाभ लेने की सलाह दी साथ ही रासायनिक उर्वरकों के अनुदान के पीछे की गणित को भी संक्षिप्त रूप में समझाया और फिर बताया कि नैनो उर्वरक के इस्तेमाल से कैसे किसान बंधू रासायनिक उर्वरकों में मिलने वाले अनुदान को बचा कर देश को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर सकते है।

इफको के राज्य विपणन प्रबंधक आर.एस. तिवारी ने नैनो क्लस्टर विलेज परियोजना एवं नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्लस्टर विलेज परियोजना के तहत 5 गांवो के किसानो को चयन किया जायेगा एवं कुल 2500 एकड़ का रकबा नैनो उर्वरक एवं जैव उत्प्रेरक उपयोग प्रदर्शन हेतु चयन किया जायेगा। जिसमें चयनित किसानों को इफको के इन उत्पादों की खरीदी पर अतिरिक्त 25 ₹ की छूट मिलेगी। साथ ही अगर किसान नैनो उर्वरक का छिडकाव इफको द्वारा अधिकृत ड्रोन पायलट द्वारा करवाता है तो ड्रोन सेवा शुल्क में भी अतिरिक्त 100 रू प्रति एकड़ की दर से छूट इफको द्वारा दी जायेगी। फिर उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में बताया। जिसमें स्वसहायता समूह में कार्यरत महिलाओं में से योग्य का चयन कर इफको द्वारा कृषि ड्रोन स्प्रेयर प्रदाय किया गया है और जिन्हें हम ड्रोन दीदी कहते हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों को नैनो उर्वरक एवं अन्य तरल कृषि रसायन के छिड़काव हेतु ड्रोन स्प्रयेर जैसी आधुनिक तकनीक किसानों को कम दामों में उपलब्ध हो पाए। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि यह दोनों परियोजना किसानों एवं सहकारी समिति को नैनो उर्वरक और ड्रोन स्प्रेयर जैसी नई कृषि तकनीकों से लाभान्वित करेगा। डॉ. एस.के. सिंह और डी.ए. सिद्दीकी ने इफको के नवीन नैनो उर्वरक, जैविक उर्वरक, जैव उत्प्रेरक एवं विशिस्ट उर्वरक उत्पादों के उपयोग और लाभ के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक गोपीराम महोबिया ने भी किसानों को नैनो उर्वरक एवं नैनो डीएपी उपयोग करने हेतु सलाह दी। कार्यक्रम का समापन डोंगरगढ़ की इफको नमो ड्रोन दीदी शांति विश्वकर्मा द्वारा ड्रोन स्प्रेयर उड़ाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थित किसानों के समक्ष प्रदर्शन देकर किया गया।

सुपोषण की श्रेणी में लाने बच्चों को दें पौष्टिक भोजन - कलेक्टर

पोट्ठ लईका अभियान के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी, अमलीडीह और करेठी में पालक चौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल जिले में चले रहे पोट्ठ लईका अभियान के अंतर्गत पालक चौपाल कार्यक्रम में ग्राम अर्जुनी, अमलीडीह और करेठी के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए पोट्ठ लईका विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि कम वजन वाले बच्चों के वजन में वृद्धि कर सुपोषण श्रेणी में लाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों के वजन में वृद्धि करने और सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत पालक चौपाल का प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पालक चौपाल में कुपोषित बच्चों के पालकों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उन्होंने सुपोषित बच्चों की माताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित भेजने के लिए कहा। उन्होंने पालक चौपाल में उपस्थित सभी को गांव के सभी बच्चों, गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं और सभी ग्रामवासियों को स्वस्थ और सुपोषित रखने तथा सुपोषण ग्राम निर्माण के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्कूल परिसर में मुनगा, नीबू, आंवला, पपीता, केला एवं फलदार पौधे लगाने कहा। जिससे फल स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने इसके अलावा घरों की बाडियों में भी फलदार पौधे लगाने कहा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत पालक चौपाल में बच्चों के पालकों को बहुत ही सरल तरीके से अपने बच्चे को अच्छे खान-पान से बच्चों में वजन बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही स्वच्छता रखने के तरीके भी बताए। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को भी पौष्टिक भोजन और स्वच्छता रखने के तरीके बताएं। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए उचित खान-पान की जरूरत होती है। बच्चों को प्रोटीन, विटामिन, आयरन से भरपूर खाद्यान्न सामग्री सेवन कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पालकों को तरीके बताए। उन्होंने पालकों से कहा कि हमारे आस-पास बहुत सारी खाद्य साग्रमी होती है जो बहुत पौष्टिक और प्रोटीन युक्त होता है। जिसका सेवन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसमी फल सभी गांवों में मिलता है उसे खिलाना चाहिए। बच्चों को हरी सब्जी, दाल, भाजी, पपीता, केला जैसी खाद्य वस्तुओं को खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों में खाने के लिए आदत डालना है। उन्होंने बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी। जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों को थोड़ा-थोड़ा भोजन प्रत्येक 2-2 घंटे के अंतराल में देना चाहिए। बच्चों को दलिया, ओट्स खिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे घर के आस-पास सभी खाद्य वस्तुए मिल जाती हैं, इसका सेवन अवश्य कराना चाहिए। उन्होंने बच्चों को हरी सब्जी, दाल, सलाद, चावल, फल, पपीता, केला खिलाना है। उन्होंने बच्चों को तिरंगा भोजन देने कहा जिससे उन्हें पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, ऊर्जा, विटामिन मिल सके।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आंगनबाड़ी में बनाए गए पोषण रंगोली की प्रशंसा की। उन्होंने शिशुवती माताओं से कहा कि पोषण रंगोली में उपयोग किए गए खाद्य सामग्री सभी सुपोषण भोजन में आता है। इसका सेवन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चों खिलाने और स्वयं के खाने से पहले साबुन से हाथ अच्छे से धोना चाहिए। स्वच्छता का ध्यान रखेंगे तो बीमारी पास नहीं आएंगी। उन्होंने कहा कि घर का कचरा स्वच्छता दीदी को देना है। जिससे कचरा अच्छे से कम्पोस्ट किया जा सके। इससे गांव में गंदगी नहीं होगी और गांव स्वच्छ रहेगा। उन्होंने सुपोषित बच्चों के पालकों को अपने बच्चे के खान-पान में ध्यान रखने के लिए श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सुपोषित बच्चों के खान-पान में ध्यान रखा गया है, उसी तरह अन्य कम वजन वाले बच्चों के खान-पान में विशेष ध्यान देने के लिए पालकों को प्रोत्साहित किया।

डोपिंग लेने के मामले में नगर के दो खिलाड़ी और कोच पर हुई बड़ी कार्रवाई, मचा हड़कंप

राजनांदगांव(दावा)। भारतीय भारोत्तोलन संघ नोवेडा व नाडा द्वारा छत्तीसगढ़ संघ के एक प्रशिक्षक व दो खिलाड़ियों को डोप में लिप्त पाए जाने पर चार साल के लिए खेल से निलंबित कर दिया है। दिल्ली से आई इस रिपोर्ट के बाद छत्तीसगढ़ भारोत्तोलन संघ में हड़कंप मच गया।

खबर है कि राजनांदगांव एसोसिएशन ने संबंधित कोच को संगठन से अलग कर दिया है।

भारतीय भारोत्तोलन संघ नोवेडा द्वारा जारी किए गए पत्र में भारोत्तोलन कोच अजय लोहार को संघ ने 2024 से 25 और 27 से 2028 तक के लिए प्रशिक्षण से निलंबित किया है। वहीं दो खिलाड़ियों को इस खेल से चार वर्ष के लिए निलंबित करने की कार्रवाई की है। खबर है कि भारोत्तोलन प्रतियोगिता के दौरान इन खिलाड़ियों के अतिरिक्त प्रदर्शन को देखते हुए शंका के आधार पर भारतीय भारोत्तोलन संघ की ओर से डोपिंग टेस्ट कराया गया।

इस दौरान डोप में लिप्त पाए जाने पर छत्तीसगढ़ एसोसिएशन की अनुशंसा पर यह कार्रवाई की गई है। बताया गया कि कोच अजय लोहार दिग्विजय स्टेडियम में भारोत्तोलन का प्रशिक्षण देते हैं। अब ये चार साल तक प्रशिक्षण से बाहर रहेंगे। इधर दिल्ली से इस कार्रवाई से संबंधित पत्र मिलने पर जिला भारोत्तोलन एसोसिएशन ने अजय को संघ से हटा दिया है।

कोच अजय लोहार का कहना है कि एक प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बिना कुछ बताए पावर बढ़ाने कुछ दवाइयां खा ली थीं। इसलिए डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने पर संघ की ओर से कार्रवाई की गई है। अजय का कहना है कि कोई भी खिलाड़ी कोच की अनुमति के बगैर कोई भी सप्लीमेंट न खाएं।

सीजी बोर्ड ने जारी किया 12वीं का पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन का परिणाम, चार हजार से अधिक परीक्षार्थियों के बढ़े अंक

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने रविवार को 12वीं मुख्य परीक्षा 2024 के पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन का परिणाम जारी कर दिया है। इससे चार हजार से अधिक परीक्षार्थियों का अंकों में बदलाव हुआ है। इससे उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों की पोल खुल गई है कि और कई सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार अब माशिमं के अधिकारी भी ऐसे शिक्षकों की सूची बनवा रहे हैं, जिन्होंने उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने में लापरवाही बरती है। उसके बाद संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। माशिमं ने पहले से चेतावनी जारी कर कहा था कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में लापरवाही को नजर अंदाज नहीं किया जाएगा। अब ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। पुनर्मूल्यांकन में परीक्षार्थियों के 20 से अधिक अंक बढ़े हैं। बताया जाता है कि 20 अंक से अधिक बढ़ने वाले छात्रों की संख्या अधिक है। जानकारी के अनुसार पुनर्गणना में 153 और पुनर्मूल्यांकन में 4,284 अभ्यर्थियों के अंकों में बदलाव हुआ है।

शिक्षकों की लापरवाही पर कार्रवाई का प्रविधान

20 से 40 अंक बढ़ने पर सभी तरह के पारिश्रमिक और काम से तीन साल के लिए वंचित रखने की सिफारिश हो सकती है। 41 से 49 अंक बढ़ने पर सभी पारिश्रमिक और काम से तीन साल के लिए वंचित करने के साथ एक वेतनवृद्धि रोकने की सिफारिश हो सकती है। 50 से अधिक अंक बढ़ने पर निलंबन के लिए राज्य शासन को पत्र भेजा जा सकता है या भविष्य के लिए पारिश्रमिक काम से वंचित किया जा सकता है।

शहर के व्यवसायी बोहरा से मुम्बई के कैटरर्स ने की 1 करोड़ की धोखाधड़ी

कैटरर्स ने व्यवसायी को अपने मुनाफे में से प्रतिमाह 3 लाख रूपए देने का दिया था भरोसा....

राजनांदगांव (दावा)। शहर में रहने वाले एक व्यवसायी के साथ मुम्बई के एक कैटरर्स द्वारा एक करोड़ रूपए धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संबंध में व्यवसायी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में ले लिया है।

बताया जाता है कि शहर कि अभिजात्य वर्ग की कालोनी सनसीटी के मालिक विनोद बोहरा के भाई व सनसिटी में ही निवास करने वाले विकास बोहरा ने मेसर्स सनशाइन केटरर्स प्रा.लि. के डायरेक्टर अरूण अग्रवाल को वर्ष 2013 में अलग-अलग तारीखों में कुल एक करोड़ रूपए चेक के जरिए भुगतान किया। उक्त रकम हासिल करने से पहले केटरर्स ने शहर के व्यवसायी विकास बोहरा को हर महिने 3 लाख रूपए मुनाफा देने का वादा किया था। उक्त केटरर्स शहर के व्यवसायी श्री बोहरा से उक्त रकम लेने के बाद वादे से फिर गया।

इस दौरान मुम्बई के उक्त केटरर्स की कोविंड काल में मौत हो गई। उसके निधन के बाद कम्पनी की ज्वांइट डायरेक्टर स्व. अग्रवाल की पत्नी सुनीता अग्रवाल ने काम काज सम्हाले। सुनीता अग्रवाल ने श्री बोहरा को एक करोड़ की रकम वापिस करने के लिए राजनांदगांव आकर सेटलमेंट के तहत प्रतिमाह 20 किस्तों में 5 लाख रूपए देने का वायदा किया। यही नहीं श्रीमती अग्रवाल द्वारा बोहरा का भरोसा जीतने के लिए मुम्बई के प्रभादेवी ब्रांच के केनरा बैंक का चेक भी दिया गया। लेकिन बैंक में पर्याप्त राशि नहीं और खाता बंद होने के कारण चेक बाउंस हो गया।

बताया जा रहा है कि विकास बोहरा ने कुल 6 चेक में 25 लाख, 10 लाख, 30 लाख समेत एक करोड़ रूपए उक्त कैटरर्स को दिए थे। प्राफिट नहीं होने के बाद मृतक अरूण अग्रवाल और उसकी पत्नी सुनीता अग्रवाल से राहुल बोहरा ने रकम की मांग की लेकिन आज तक रकम नहीं मिलने के कारण पीड़ित विकास बोहरा ने अपने साथ हुए धोखाधड़ी के मामले को लेकर पुलिस से शिकायत की है। जानने में आ रहा है कि पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

घुमका पुलिस ने जुआड़ियों के कब्जे से 52 पत्ती ताश व 5 हजार रुपये नगद सहित एक कार व एक मोटरसाईकल व 5 नग मोबाइल की जब्त

राजनांदगांव (दावा)। घुमका पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में जुआं खेलते हुए जुंआड़ियों से 52 पत्ती ताश सहित 5 हजार रुपए नगद, एक सेंट्रो कार व एक हीरो होंडा एसएस मोटर सायकल तथा 5 नगर मोबाइल की जब्ती की है।

घुमका थाना प्रभारी विनय पम्मार ने बताया कि आरोपी उनके थाना क्षेत्र के ग्राम कलडबरी व बरबसपुर के मध्य पहाड़ी पर जुआं खेल रहे थे। मुखबीर से सूचना मिलने पर आरोपियों को धर दबोचा गया। आरोपियों के नाम नितेश दुबे उर्फ़ नितम पिता स्व अयोध्या प्रसाद दुबे उम्र 23 साल निवासी ग्राम लिटिया थाना बोरी जिला दुर्ग,। प्रेमलाल उर्फ़ पाण्डु गेंडरे पिता स्व गुहरी गेंडरे उम्र 45 साल निवासी सुपेला पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 18 थाना सुपेला जिला दुर्ग। मंथन जोशी पिता जोशीमल जोशी उम्र 25 साल. निवासी खपरी कुम्हारी थाना कुम्हारी जिला दुर्ग। गोलू लहरे पिता झगरू लहरे उम्र 36 निवासी ढाबा वार्ड नंबर 3 कुम्हारी थाना कुम्हारी जिला दुर्ग व विजय दुबे पिता रविन्द्र दुबे उम्र 27 वर्ष निवासी घोंटा थाना धमधा जिला दुर्ग व दिनेश गुप्ता पिता भैयालाल गुप्ता उम्र 58 वर्ष निवासी गया वार्ड नंबर 4 थाना सिटी कोतवाली दुर्ग जिला दुर्ग बताया जाता है। आरोपियों के खिलाफ थाना घुमका में अपराध क्रमांक 93 /2024 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की गयी।

श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए 26 जून को रवाना होंगे जिले के 93 तीर्थयात्री

राजनांदगांव (दावा)। जिले के 93 तीर्थयात्रियों का दल 26 जून को श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए रवाना होंगे। चयनित तीर्थयात्रियों को दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा तथा यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की 29 जून को देर रात रेलवे स्टेशन पर वापसी होगी।

तीर्थयात्रियों को 26 जून को सुबह 8 बजे जिला पंचायत भवन राजनांदगांव से रेलवे स्टेशन दुर्ग के लिए रवाना किया जाएगा। तीर्थ यात्रियों को सुबह 8 बजे के पूर्व जिला पंचायत भवन राजनांदगांव पहुंचने का आग्रह किया गया है।

उपसंचालक समाज कल्याण ने बताया कि श्री रामलला दर्शन (आयोध्य धाम) दर्शन के लिए निकायों से प्राप्त सूची अनुसार जनपद पंचायत राजनांदगांव से 18 यात्री, जनपद पंचायत डोंगरगांव से 17 यात्री, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ से 16 यात्री, जनपद पंचायत छुरिया से 18 यात्री, नगर पालिक निगम राजनांदगांव से 7 यात्री, नगर पंचायत डोंगरगांव से 5 यात्री, नगर पंचायत छुरिया से 5 यात्री, नगर पालिका डोंगरगढ़ से 5 यात्री एवं 2 अनुरक्षक (एस्कार्ट) शासकीय कर्मचारी सहित कुल 93 यात्रियों को भेजा जाएगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए उप संचालक समाज कल्याण के सहायक ग्रेड-3 सुनील कुमार चुरेन्द्र एवं उप संचालक पंचायत के सहायक ग्रेड-3 लोकेश्वर सिन्हा की अनुरक्षक (एस्कार्ट) के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। लोकेश्वर सिन्हा का मोबाईल नंबर 7987680662 है।

डॉ. माधवी गणवीर तीसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुई

रायपुर (दावा)। चंद्रयान 3 विश्व कीर्तिमान ग्रंथ को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से अलंकृत किया। छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान द्वारा रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित चंद्रयान-3 विश्व कीर्तिमान ग्रंथ का विमोचन एवं सम्मान समारोह 23 जून को किया गया, चंद्रयान-3 विश्व कृतिमान ग्रंथ भारतीय चंद्र मिशन की पहली काव्य पुस्तक है जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थान प्राप्त हुआ।

जिसमें डोंगरगांव क्षेत्र की शिक्षिका साहित्यकार डॉ माधवी गणवीर को चंद्रयान 3 विश्व कीर्तिमान विश्व स्तरीय पद्य संकलन में अमूल्य साहित्यिक योगदान हेतु संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान एवं वैदिक प्रकाशन द्वारा उत्कृष्ट साहित्य सेवी अलंकरण से अलंकृत किया गया। इस ग्रंथ में विश्व स्तर के 123 साहित्यकार सम्मिलित है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से 100 साहित्यकार एवं भारत के विभिन्न राज्यों के 21 ऑस्ट्रेलिया से एक एवं अमेरिका से एक साहित्यकार ने अपना काव्य सृजन कर विश्व कीर्तिमान में अपना विशेष योगदान दिया। यह विशाल काव्य मयी साझा संकलन भारत की उपलब्धियां पर भिन्न-भिन्न अभिव्यक्तियों पर आधारित है, जिसमें कुल 150 पृष्ठ है। इस ग्रंथ के संपादक के रूप में छत्तीसगढ़ डॉ आशा आजाद 'कीर्ति' कोरबा वह श्रीमती उर्मिला देवी 'उर्मी' रायपुर छत्तीसगढ़ के सहयोग से तैयार किया गया।

अतिथि बृजमोहन अग्रवाल पूर्व शिक्षा संस्कृति संसदीय कार्य मंत्री, विशिष्ट अतिथि राजेश महंत राम सुंदर दास महाराज, पूर्व विधायक, विशिष्ट अतिथि विधायक उदयभान चौहान, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर स्नेह लता पाठक, रामेश्वर शर्मा, डॉ. सुशील त्रिवेदी सिंह, डॉ शकुंतला तरार, डॉ. सोनल राजेश शर्मा (प्रभारी गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड) सम्मिलित थे।

सांसद संतोष पाडे ने लोकसभा में ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

राजनांदगांव (दावा)। नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 में नवनिर्वाचित संसद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। राजनांदगांव से दोबारा निर्वाचित सांसद संतोष पांडे ने दोपहर 3.28 बजे पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान लोकसभा में स्पीकर के पद पर फग्गन सिंह कुलस्ते मौजूद थे, जिन्होंने राजनांदगांव संसद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत सांसद संतोष पांडे ने राजनंदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता एवं मतदाताओं का आभार प्रदर्शित करते हुए और उनके लिए संदेश देते हुए कहा है कि आज लोकसभा में आप सभी मेरे परिवारजनों एवं राजनांदगांव लोकसभा की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से 18वीं लोकसभा के सांसद के रूप में शपथ ग्रहण करना मेरे लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर एक मजबूत, विकसित और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे संकल्प और प्रयास से नया भारत उभरेगा, जो प्रगति और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर होगा। सांसद पांडे ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र की जनता से आह्वान करते हुए कहा है, हम सब मिलजुलकर यह प्रयास करें कि हमारा हर कदम, हर निर्णय देश को ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए समर्पित होगा।

छत्तीसगढ़ में मनाया जाएगा आज काला दिवस- हर जिलों में भाजपा मनाएगा ब्लैक डे

सीएम विष्णुदेव साय भी होंगे शामिल

रायपुर (दावा)। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा सभी जिलों केंद्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करेगी। कांग्रेस की सत्ता की लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया। उस काले अध्याय को देश की जनता को स्मरण कराने भाजपा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाती है।

आपातकाल का काला दिवस' आयोजन समिति के प्रांत संयोजक सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि इस वर्ष भी 25 जून को जिलास्तरीय कार्यक्रमों में विषय प्रतिपादन हेतु राजधानी रायपुर में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रमुख प्रवक्ता लोकतंत्र सेनानी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने होंगे। इसी प्रकार बस्तर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, रायगढ़ में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बिलासपुर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रायपुर ग्रामीण में मंत्री टंक राम वर्मा, बालोद में मंत्री केदार कश्यप, कोंडागांव में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी, बलौदाबाजार में विधायक मोतीलाल साहू, गरियाबंद में चंद्रशेखर साहू, महासमुंद में लक्ष्मी वर्मा, जशपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, धमतरी में प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, भिलाई में राम प्रताप सिंह, दुर्ग में विधायक पुरंदर मिश्रा, बेमेतरा में राजीव अग्रवाल, राजनांदगांव में प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, मोहला मानपुर में श्रीचंद्र सुंदरानी, खैरागढ़ में महामंत्री भारत लाल वर्मा, कवर्धा में डॉ. जे.पी. शर्मा, कांकेर में निरंजन सिन्हा, नारायणपुर में भरत मटियारा, दंतेवाड़ा में गौतम गोलछा, सुकमा में डॉ. सुभाऊ कश्यप, बीजापुर में महेश गगडा, गौरेला पेंड्रा मरवाही में हितानंद अग्रवाल, मुंगेली में भूपेंद्र सवन्नी, सक्ती में रजनीश सिंह, जांजगीर चांपा में धरमलाल कौशिक, कोरबा में लखन लाल साहू, सारंगढ़ में अशोक बजाज, सरगुजा में रामसेवक पैकरा, सूरजपुर में अनुराग सिंह देव, बलरामपुर में राजा पांडे, मनेंद्रगढ़ में मेजर अनिल सिंह, कोरिया में श्रीमती चंपा देवी पावले, मुख्य वक्ता होंगे। उपासने ने बताया कि सभी वक्तागण जिला केंद्रों पर मीडिया से भी चर्चा कर आपातकाल की जादतियों को बताएंगे।

कथा सुनने पहुंचे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव

गंडई (दावा)। शिवमहापुराण कथा के आखरी दिन 24 जून सोमवार को राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद एवं भाजपा के दिग्गज नेता मधुसूदन यादव कथा पंडाल में पहुंचे उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिए, मां गंगई के पावन धरा में ऐसे आयोजन का होना वाकई ही क्षेत्र की सुख और उन्नति की ओर अग्रसर होना बताया, शिव महापुराण कथा कार्यक्रम के माध्यम से गंडई का नाम पूरे भारत देश में पहचान बनाया है।

वीरांगना रानी दुर्गावती को सीएम ने किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर आज राजधानी रायपुर के केनाल लिंक रोड स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके कृषि मंत्री रामविचार नेताम और वन मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रानी दुर्गावती नारी शक्ति की प्रतीक थी और उन्होंने मुगलों का डट कर मुकाबला किया। हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि वो जनजातीय समाज से थी। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का बलिदान हम सभी देशवासियों को प्रेरित करता है।

भाजपा सरकार में शराब की कोचियागिरी शुरू

आबकारी विभाग को कोचियां प्रति पेटी 200 रु. देकर गांव-गांव शराब बेच रहे

रायपुर(दावा)। राजनांदगांव जिले में शराब दुकान के स्टिंग ऑपरेशन के खुलासा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा कि भाजपाई शराब तस्करी कर रहे। सैया भैये कोतवाल तो डर किस बात का जब मुख्यमंत्री के पास ही आबकारी विभाग है।

ऐसे में अवैध शराब के धंधे करने वाले पर कार्यवाही कौन करेगा? पूर्व मुख्यमंत्री के क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। शराब दुकान में की गई स्टिंग ऑपरेशन से उसका खुलासा हो गया है। भाजपा सरकार में शराब की कोचियागिरी फिर शुरू हो गई है। आबकारी विभाग ने शराब कोचियों के लिए रेट फिक्स कर दिया है प्रति पेटी 200 रु. अतिरिक्त आबकारी विभाग को दो और जितना चाहे उतना पेटी शराब दुकान से लो और गांव-गांव में बेचो। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा का शराब के प्रति प्रेम 15 साल के रमन सरकार के दौरान भी दिखता है और अब फिर लगभग 6 महीने में ही शराब से अवैध कमाई का काला खेल फिर शुरू हो गई है।

रमन सरकार के दौरान कैबिनेट की बैठक में दो मंत्री भिड़ गए थे कि शराब से आने वाली 1500 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई किस खाते में जाएगा पूरा प्रदेश ने देखा था अब एक बार और शराब का काला खेल शुरू हो गया। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा कि जो भाजपा शराबबंदी के नाम से सवाल उठाती थी आज वहीं भाजपा की सरकार गांव-गांव में शराब बेचने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस के सरकार में अवैध शराब पर सख्ती से रोक लगा था शराब की दुकान काम की गई थी और शराबबंदी की दिशा में प्रयास किया गया था।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ आर.पी. सिंह ने कहा कि भाजपा की राज में माफिया फलते-फूलते हैं। 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान रेत माफिया, शराब माफिया, भू-माफिया, सूदखोर माफिया सकरी थे जो 5 साल में खत्म हुआ था। अब फिर वह सिर उठाकर सामने आ गए हैं। भाजपा का तस्करों के साथ पुराना रिश्ता है।

ऑनलाईन पंजीयन की जल्द शुरुआत होगी, फार्मासिस्ट्स को मिलेगा फायदा - राहुल तिवारी

० छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न
० प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होगी कार्यशाला - अरुण कुमार मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। 23 जून को राजनांदगांव के संस्कार सिटी कालेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जुटे फार्मासिस्ट्स को वक्ताओं ने सामयिक बदलावों के साथ ही विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।

एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान धन्वंतरि, मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ मां सरस्वती की वंदना एवं राजकीय गीत गाकर किया गया। कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए अविभाजित राजनांदगांव जिले के कोने-कोने से फार्मासिस्ट एवं केमिस्ट कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के सांसद संतोष पांडे सम्मिलित हुए। सांसद संतोष पांडे ने कहा मैं खुद फार्मासिस्ट परिवार से आता हूं और फार्मासिस्ट बुलाएं और मैं वहां ना आऊं ऐसा हो नहीं सकता।

कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने की। अध्यक्ष श्री मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ में रहने वाले फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन के लिए कार्यशाला सभी जिलों में करने की तैयारी है। इसी तारतम्य में यह कार्यशाला राजनांदगांव जिले में रखी गई है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राजनांदगांव जिले के फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन करना है। छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के उपाध्यक्ष राहुल तिवारी ने बताया की काउंसिल के अध्यक्ष, रजिस्ट्रार सभी सदस्यों के साथ मिलकर फार्मासिस्टों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रहा है। बहुत जल्द फार्मासिस्टों के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल प्रारंभ करने वाला है जिससे सभी फार्मेसिस्ट घर बैठे अपना पंजीयन ऑनलाइन कर सकेंगे। काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने सफल आयोजन के लिए संस्कार सिटी कॉलेज आफ फार्मेसी, राजनांदगांव जिला दवा संघ सहित सभी फार्मासिस्टों को धन्यवाद दिया। खाद्य एवं औषधि उपसंचालक प्रशासन बसंत कौशिक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दवाइयां के रखरखाव, नियम कानून संबंधित टिप्स दिए।

कार्यक्रम में फार्मासिस्टों के ज्ञान उन्नयन के लिए वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन महासचिव अविनाश अग्रवाल ने नारकोटिक्स ऐंड साइक्रोपिक ड्रग लिस्ट ऐंड प्रीकॉशंस विषय पर, संजय सिंह झाडेकर (एडीसी) बेसिक ऐंड लेटेस्ट अपडेट इन एफडीए रिलेटेड टू ड्रग स्टोर विषय पर डॉ. अमित रॉय प्रिंसिपल एवं प्रोफेसर सीएसआईटी दुर्ग बी फार्मा (प्रैक्टिस) कोर्स, एन ऑप्शन टू अपग्रेड क्वालिफिकेशन ऑफ डी फार्मा विषय पर व्याख्यान दिये।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्य विजय पारख, निकेश देवांगन, पीसीआई प्रतिनिधि डॉ आनंद महलवार, सदस्य परमानंद पटेल, छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स के उपाध्यक्ष विनोद चंद्राकर, रॉयल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी रायपुर के डायरेक्टर तोशन चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजनांदगांव जिला दवा संघ के पूर्व अध्यक्ष द्वय दशरथ शर्मा एवं अतुल जैन ने किया। कार्यक्रम के समापन में संस्कार सिटी कॉलेज आफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ टी कुमार ने कार्यशाला में सम्मिलित सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी फार्मासिस्टों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यशाला को लेकर फार्मासिस्टों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com